वर्ष : 33 ▸ अंक : 109 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, शुक्रवार, 5 जुलाई 2024 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल

दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है




- वानखेड़े स्टेडियम में टीम इंडिया का जश्न
- रोहित-विराट ने उठाई वर्ल्ड कप ट्रॉफी

- नरीमन पॉइंट से वानखेड़े स्टेडियम तक विक्ट्री परेड
- मुंबई एयरपोर्ट पर खिलाड़ियों का स्वागत

# विश्वविजेता का विजय जुलूस

**अमित बृज । मुंबई**

प्रधानमंत्री मोदी से मिलने के बाद टी20 विश्व कप की विजेता टीम मुंबई पहुंच चुकी है और टीम के सदस्यों ने खुली बस में चढ़कर विजय जुलूस में हिस्सा लिया। इसके बाद वानखेड़े स्टेडियम पर बीसीसीआई ने खिलाड़ियों का सम्मान किया और 125 करोड़ रुपए का चेक सौंपा।

### खिलाड़ियों ने लिया लैप ऑफ ऑनर

सम्मान समारोह समाप्त होने के बाद खिलाड़ियों ने वानखेड़े स्टेडियम के चारों ओर चक्कर काटे और लैप ऑफ ऑनर लिया। इस दौरान टीम के सदस्यों ने प्रशंसकों का आभार जताया और दर्शकों के साइन की हुई गेंदें दी।

### बीसीसीआई ने भारतीय टीम को दिया चेक

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने सम्मान समारोह के दौरान भारतीय टीम के खिलाड़ियों को 125 करोड़ रुपए का चेक दिया। टीम की जीत के बाद बीसीसीआई सचिव जय शाह ने भारतीय टीम के सदस्यों के लिए 125 करोड़ रुपए की इनामी राशि की घोषणा की थी।

### विजय जुलूस में उमड़ा जनसैलाब

इससे पूर्व टी20 विश्व कप की विजेता भारतीय टीम के स्वागत के लिए आयोजित विजय जुलूस में मुंबई में जनसैलाब उमड़ पड़ा जिससे दक्षिण मुंबई का यातायात पूरी तरह से ठप्प हो गया। मुंबई में जारी विजय जुलूस के दौरान भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली काफी जोश में नजर आए। इस दौरान कोहली खुशी में थिरकते भी दिखे। वहीं, रोहित ने कोहली के साथ मिलकर प्रशंसकों के सामने ट्रॉफी उठाई जिससे वहां मौजूद लोगों का उत्साह चरम पर पहुंच गया। इस दौरान भारतीय टीम के अन्य खिलाड़ियों ने भी रोहित और कोहली का उत्साह बढ़ाया।

### कोहली बोले- रोहित को इतना भावुक कभी नहीं देखा

कोहली ने रोहित के भावुक होने को लेकर कहा, मैं इंटरनेट ब्रेक करने के बारे में नहीं जानता, लेकिन 15 साल के करियर में मैंने रोहित को इतना इमोशनल होते हुए नहीं देखा। मैं ड्रेसिंग रूम जा रहा था और रोहित बाहर निकल रहे थे। दोनों इमोशनल थे और एक दूसरे को हग किया। वह पल मेरे लिए खास रहेगा।

### रोहित ने फैंस को दिया धन्यवाद

रोहित ने कहा, जैसा कि मैंने बताया कि जैसा हम खिलाड़ियों को विश्व कप जीतने का जुनून था, वैसा ही जुनून फैंस के मन में भी था। जो हमने 29 जून को किया, उससे फैंस के चेहरे पर खुशी आई। यह स्पेशल टीम है और मुझे गर्व है कि मैंने इस टीम की कप्तानी की। मुझे इस टीम पर गर्व है।

**न्यूज़ ब्रीफ**

## सरकार के खिलाफ विधानभवन की सीढ़ियों पर विपक्ष का प्रदर्शन

**मुंबई।** महाराष्ट्र में विपक्ष ने गुरुवार को किसानों को न्याय दिलाने के लिए विधान भवन की सीढ़िय़ों पर भजन-कीर्तन कर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान विपक्ष ने दूध की कीमत बढ़ाने, किसानों को उनके नुकसान भरपाई करने और कर्ज माफी की सरकार से मांग की। गुरुवार को विपक्षी विधायक सभा शुरु होने से पहले ही विधान भवन की सीढ़ियों पर एकत्र होकर राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। विपक्ष ने सरकार पर दूध उत्पादकों को उचित कीमत न देने का आरोप लगाते हुए कहा कि इससे दूध उत्पादकों की हालत गंभीर हो गई है। साथ ही सरकार दूध पावडर आयात करने से बाजार में भी उनके दूध की खपत नहीं हो पा रही है। किसानों को अभी तक कर्ज माफी नहीं दी गई है, जबकि किसानों से सरकार बड़े पैमाने पर कर वसूल रही है। इस अवसर पर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय वडेट्टीवार, बालासाहेब थोरात, अजय चौधरी, जयंत पाटिल, पृथ्वीराज चव्हाण, यशोमति ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी के मिड डे मील पैकेट में मिला मरा सांप

**सांगली।** पश्चिमी महाराष्ट्र के सांगली जिले के एक आंगनबाड़ी में बच्चों के मिलने वाले खाने में कथित तौर पर मरा हुआ सांप मिलने का दावा एक बच्चे की मां ने किया है। राज्य आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन की उपाध्यक्ष आनंदी भोसले ने बताया कि पालुस में बच्चे के अभिभावक ने सोमवार को इसकी शिकायत की थी। हालांकि, इसकी पुष्टि के लिए जिले के अधिकारियों से संपर्क नहीं किया जा सका है। उन्होंने बताया कि आंगनबड़ी में छह महीने से लेकर तीन साल तक के बच्चों को मिड डे मील के लिए दाल खिचड़ी बनाने का प्रिमिक्स पैकेट हर सोमवार को केंद्र पर दिया जाता है। मिली सूचना के अनुसार बीते सोमवार को भी पालुस में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों को मिड डे मील का पैकेट वितरित किया गया।




यदि आपको **दो बजे दोपहर** अख़बार में विज्ञापन देना हो तो संपर्क करें **9892161162**

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| चांदी (.999) | 97,700 |
| सोना स्टैंडर्ड | 74,455 |


**मौसम**

| | तापमान | नमी |
|---|---|---|
| मुंबई | 30.0-24.0 | 73% |

सूर्यास्त शुक्रवार 07:20 बजे
सूर्योदय शनिवार 06:05 बजे

## अभिनेत्री स्मृति बिस्वास का निधन

**100 साल की थीं, कई भाषाओं में फिल्में कीं**



**दोपहर संवाददाता । नासिक**

कई हिंदी, मराठी और बांग्ला फिल्मों में काम कर चुकी अभिनेत्री स्मृति बिस्वास का महाराष्ट्र के नासिक शहर में उनके आवास पर निधन हो गया। सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि 100 वर्षीय बिश्वास ने बुधवार देर रात अंतिम सांस ली। गुजरे जमाने की मशहूर अभिनेत्री बिश्वास यहां एक कमरे वाले किराए के फ्लैट में रहती थीं। एक बाल कलाकार के रूप में अपने करियर की शुरुआत करते हुए उन्होंने गुरुदत्त, वी. शांताराम, मृणाल सेन, बिमल रॉय, बीआर चोपड़ा और राज कपूर जैसे जाने माने फिल्म निर्माताओं की फिल्मों में अभिनय किया। बिश्वास ने विभिन्न फिल्मों में देव आनंद, किशोर कुमार और बलराज साहनी जैसे अभिनेताओं के साथ काम किया। उन्होंने 1930 में बांग्ला फिल्म संध्या से फिल्मों की दुनिया में कदम रखा था। 1960 में आई मॉडल गर्ल उनकी आखिरी हिंदी फिल्म थी। फिल्म निर्माता एसडी नारंग के साथ विवाह के बाद बिश्वास ने अभिनय छोड़ दिया। पति की मृत्यु के बाद वह नासिक आ गई थीं। बिश्वास ने 17 फरवरी 2024 को अपना 100वां जन्मदिन मनाया था।

## 'मेरी लाडली बहन योजना' पर अजित पवार ने ठोकी खुद की पीठ

### अजित पवार ने जारी किया वीडियो मैसेज, विपक्ष को जमकर कोसा



**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

सत्तारूढ़ महायुति सहयोगी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के अध्यक्ष और डिप्टी सीएम अजित पवार ने महाराष्ट्र बजट 2024-2025 पर खुद अपनी तारीफ करते हुए एक वीडियो पोस्ट किया। इसके बाद विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) ने उनकी जमकर आलोचना की। अजित पवार ने महाराष्ट्र सरकार के बजट को ऐतिहासिक बजट करार दिया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना के साथ किसानों, युवाओं और अन्य विकासात्मक योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। हालांकि अजित पवार ने अफसोस जताते हुए कहा कि 21 से 64 साल की गरीब महिलाओं के लिए 'मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन' योजना जैसी क्रांतिकारी पहल के बावजूद विपक्ष मेरी आलोचना कर रहा है।



### महिलाओं को अधिक स्वतंत्र बनाना

उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को अधिक स्वतंत्र बनाना है। उन्हें छोटी-छोटी चीजों के लिए पुरुषों से पैसे मांगने के लिए मजबूर नहीं होना पड़ेगा। लेकिन जो लोग केवल राजनीति करना चाहते हैं, वे इसकी आलोचना कर रहे हैं और यही उनके और मेरे बीच का अंतर है। उन्होंने आगे कहा कि मैं अपना काम जारी रखे हुए हूं। पिछले कई सालों में मैंने कितनी योजनाएं या पहल शुरू की हैं, यह लिस्ट लंबी है। फिर भी विपक्ष चिल्ला रहा है कि हमने कुछ नहीं दिया। असल में, उनका राज्य के विकास से कोई लेना-देना नहीं है। वे केवल राजनीति कर रहे हैं।

### कभी कोई राजनीतिक दल नहीं बदला

उन्होंने दावा किया कि अपने पूरे सार्वजनिक जीवन में उन्होंने कभी कोई राजनीतिक दल नहीं बदला। लोग ही उनके निर्वाचन क्षेत्र रहे हैं, फिर भी नागरिकों के हित और राज्य की प्रगति के लिए काम करने के लिए उन्हें परेशान किया जा रहा है। अजित पवार ने कहा कि मुझ पर भ्रष्टाचार का झूठा आरोप लगाया गया। मेरे खिलाफ एक भी आरोप साबित नहीं हुआ और न ही भविष्य में ऐसा होगा। जो लोग अधिक काम करते हैं, उन्हें अधिक आलोचना का सामना करना पड़ता है। मेरा अपराध यह है कि मैं गरीबों और किसानों के बारे में सोचता हूं। उनका बोझ कम करने और उनकी स्थिति सुधारने की कोशिश करता हूं, जिसे विपक्ष बर्दाश्त नहीं कर सकता।

### चाचा की पार्टी 'चुराने' के बारे में क्या कहा?

शिवसेना-यूबीटी सांसद संजय राउत ने कहा कि अजित पवार ने भले ही पार्टी नहीं बदली हो, लेकिन अपने ही चाचा शरद पवार की पार्टी 'चुराने' के बारे में क्या कहा? उन्हें इसका जवाब देना चाहिए। एनसीपी-एसपी के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल और एमएलसी शशिकांत शिंदे ने संदेह जताया कि चुनाव से पहले विभिन्न चीजों का श्रेय लेने के लिए महायुति में खींचतान चल रही है।

## दानवे को राहत

### सदन में क्या हुआ था

गौरतलब है कि सोमवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने नीट, अग्निवीर, मणिपुर समेत कई मुद्दों को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के हिंदुत्व पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जो लोग खुद को हिंदू कहते हैं, वे चौबीसों घंटे हिंसा और नफरत फैलाने में लगे हैं। इस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत भाजपा के कई नेताओं ने आपत्ति जताई।



### स्पीकर ने निलंबन अवधि दो दिन घटाई

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष अंबादास दानवे की निलंबन अवधि को पांच दिन से घटाकर तीन दिन कर दिया गया है। अब वे शुक्रवार से सदन की कार्यवाही में भाग ले सकेंगे। उन्हें सोमवार शाम सदन में चर्चा के दौरान भाजपा विधायक प्रसाद लाड के खिलाफ अभद्र भाषा के इस्तेमाल के लिए निलंबित किया गया था। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने दानवे को निलंबित करने के फैसले को एकतरफा बताया और इसे पूर्व नियोजित साजिश करार दिया। ठाकरे ने कहा कि अगर दानवे की टिप्पणी से महिलाओं को ठेस पहुंची है तो वह शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख होने के नाते माफी मांगते हैं, लेकिन साथ ही उन्होंने पूछा कि सदन के बाहर ऐसी टिप्पणी करने वाले भाजपा और शिवसेना नेताओं के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई?



### दानवे ने मांगी माफी

शिवसेना (यूबीटी) विधायकों ने बुधवार को महाराष्ट्र विधान परिषद की उपसभापति नीलम गोरहे से दानवे का निलंबन रद्द करने का अनुरोध किया और कहा कि वह अपने शब्दों के लिए माफी मांगने को तैयार हैं। दानवे ने बुधवार को गोरहे को लिखे पत्र में माफी मांगी। महाराष्ट्र के संसदीय कार्य मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने गुरुवार को दानवे की माफी का हवाला देते हुए उनकी निलंबन अवधि को घटाकर तीन दिन करने का प्रस्ताव रखा जिसके बाद सदन ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया।

## अब नासिक सेंट्रल जेल होगी अंडरवर्ल्ड डॉन अबू सलेम का ठिकाना

**नवी मुंबई की तलोजा जेल से हुआ ट्रांसफर**

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

साल 1993 के सिलसिलेवार बम धमाकों के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे गैंगस्टर अबू सलेम को अब नासिक सेंट्रल जेल में रखा जाएगा। अभी तक वो नवी मुंबई की तलोजा जेल में सजा काट रहा था। लेकिन गुरुवार को कड़ी पुलिस सुरक्षा के बीच उसे नासिक केंद्रीय जेल में स्थानांतरित कर दिया गया। हालांकि वो खुद तलोजा जेल में ही रहना चाहता था। उसने इस मामले को हाई कोर्ट के समक्ष भी उठाया था।



### तलोजा जेल में रखा गया था

एक पुलिस अधिकारी ने इस मामले में जानकारी देते हुए बताया कि अबू सलेम को गुरुवार की सुबह 11 l30 बजे एक वाहन में तलोजा जेल से बाहर निकाला गया। आपको बता दें कि साल 2005 में पुर्तगाल से प्रत्यर्पित किए गए सलेम को 1993 के मुंबई सिलसिलेवार बम धमाकों के मामले में उसकी भूमिका के लिए दोषी ठहराया गया था और साल 2017 में उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। इसके बाद उसे नवी मुंबई की तलोजा जेल में रखा गया था।

### बॉम्बे हाई कोर्ट ने ख़ारिज की थी याचिका

जेल अधिकारियों ने विशेष अदालत को बताया था कि उसे नासिक केंद्रीय कारागार में स्थानांतरित करने की आवश्यकता है, क्योंकि तलोजा जेल के अंदर उच्च सुरक्षा वाली कोठरी खस्ताहाल है और उसे तत्काल मरम्मत की आवश्यकता है। लेकिन सलेम ने बॉम्बे हाई कोर्ट में विशेष अदालत के आदेश को चुनौती दी थी, जिसने पिछले महीने तलोजा जेल से नासिक सेंट्रल जेल में उसके नियोजित स्थानांतरण के खिलाफ उसके आवेदन को खारिज कर दिया था।

### कांग्रेस नेता सुनील केदार को हाईकोर्ट से बड़ा झटका

## बैंक घोटाले मामले में सजा पर रोक लगाने से इनकार

**मुनीब चौरसिया । मुंबई/नागपुर**

मुंबई हाई कोर्ट के नागपुर बेंच से कांग्रेस नेता सुनील केदार को बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने एनडीसीसी बैंक के बहुचर्चित घोटाले मामले में मिली सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। हाई कोर्ट के इस फैसले के बाद सुनील केदार की मुश्किलें बढ़ने की संभावना है। जानकारी के लिए बता दें कि एनडीसीसी बैंक घोटाले मामले में स्पेशल कोर्ट ने कांग्रेस नेता सुनील केदार समेत 6 लोगों दोषी पाया था। अदालत ने 22 दिसंबर 2023 को 5 साल की जेल और साढ़े 12 लाख रुपए की जुर्माने की सजा सुनाई थी।



### सजा पर रोक लगाने से इनकार

सुनील केदार ने इस सजा पर रोक लगाने के लिए मुंबई हाई कोर्ट के नागपुर बेंच में याचिका दाखिल की थी। इस याचिका पर गुरुवार को 2 घंटे तक लगातार सुनवाई चली। जस्टिस उर्मिला जोशी फालके की बेंच ने दोनों पक्षों की दलीलें खत्म होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। आज इस पर फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।

### अब जाना पड़ेगा सुप्रीम कोर्ट

सुनील केदार की पैरवी कर रहे अधिवक्ता एस. के. मिश्रा ने कोर्ट के सामने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को दी गई राहत के मामले में दिए गए आदेशों का हवाला दिया। उन्होंने कहा था कि केदार का निर्वाचन क्षेत्र प्रतिनिधित्व से वंचित है। वह नागरिकों के अधिकारों के लिए लड़ नही पा रहे है। लेकिन कार्ट द्वारा सजा पर रोक लगाने से इनकार के बाद सुनील केदार को सुप्रीम कोर्ट का रुख करना पड़ेगा।



### विधानसभा का सदस्यत्व रद्द

उल्लेखनीय है कि विशेष अदालत द्वारा सजा सुनाए जाने के बाद केदार का विधानसभा का सदस्यत्व रद्द हो गया था। सुनील केदार की विधानसभा सदस्यता जन-प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत रद्द कर दी गई थी। इस कानून में कहा गया है कि कोई भी जन-प्रतिनिधि किसी भी अपराध में दोषी पाया जाता है तथा उसे दो साल से अधिक की सजा दी गई है। तो उसकी सदस्यता जन-प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8(3) रद्द हो जाती है। वहीं, सुनील केदार को सजा पर रोक लगाने के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख करना पड़ेगा। जिसके बाद ही विधानसभा का चुनाव लड़ने का मार्ग खुल सकेगा।

## 13 जुलाई को मुंबई आएंगे प्रधानमंत्री मोदी

**7400 करोड़ रुपए की नागरिक परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन**

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13 जुलाई को मुंबई में विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास करने के वाले हैं। इसके लिए प्रशासन की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

### इन परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन

लोकसभा चुनाव के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहली बार मुंबई का दौरा करेंगे। जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी 13 जुलाई को मुंबई में प्रस्तावित गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड और बोरीवली- ठाणे लिंक रोड के सबवे की आधारशिला रखेंगे। मुंबई में गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड परियोजना के लिए 6,300 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। साथ ही प्रधानमंत्री 1,170 करोड़ रुपए की प्रस्तावित ऑरेंज गेट टू ग्रांट रोड एलिवेटेड रोड परियोजना का भूमि पूजन भी करेंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी मुंबई नगर निगम की विभिन्न प्रस्तावित परियोजनाओं का भी शिलान्यास करने वाले हैं।

# ट्रैफिक जाम की समस्या के समाधान के लिए सड़क पर उतरे सांसद

## गैरजिम्मेदार ठेकेदारों व अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी :सांसद सुरेश म्हात्रे

**दोपहर संवाददाता । भिवंडी**

भिवंडी लोकसभा सांसद सुरेश म्हात्रे उर्फ बाल्या मामा ने गुरुवार को भिवंडी शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में दैनिक यातायात जाम की समस्या को हल करने के लिए यातायात विभाग के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ मुंबई नासिक राजमार्ग का निरीक्षण किया। इस अवसर पर खारेगांव, हाईवे दिवा, मनकोली ओवली, रंजनोली नाका से वडपा तक की सड़क का निरीक्षण किया गया।

### सांसद म्हात्रे ने समाधान का दिया सुझाव

इस हाईवे पर चल रहे और अधूरे कार्यों का निरीक्षण कर सांसद म्हात्रे ने यातायात विभाग के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को विभिन्न समाधान का सुझाव दिया। भिवंडी में ट्रैफिक जाम के समाधान के लिए इस निरीक्षण दौरे में ट्रैफिक पुलिस उपायुक्त डॉ. विनीत राठौड़, एमएसआरडीसी के कार्यकारी अभियंता सुभाष बोरसे, सड़क चौड़ीकरण का ठेका लेने वाले ठेकेदार समेत परिवहन विभाग के अधिकारी मौजूद थे।



### पिछले आठ दिनों से भीषण ट्रैफिक जाम

भिवंडी में पिछले आठ दिनों से भीषण ट्रैफिक जाम लगा हुआ है और यात्रियों को तीन से चार घंटे तक इस जाम में फंसना पड़ रहा है। इस जाम से नौकरी, पेशावरों के साथ-साथ स्कूली छात्रों को भी भारी परेशानी हो रही है। भिवंडी लोकसभा सांसद सुरेश मात्रे ने नागरिकों की इस समस्या पर ध्यान दिया और मुंबई नासिक राजमार्ग के साथ भिवंडी ठाणे राजमार्ग और मानकोली अंजुर फाटा चिंचोटी राजमार्ग पर ट्रैफिक जाम को हल करने के लिए मानकोली में आरके बिल्डर्स कार्यालय में आयोजित एक बैठक में उपायों का प्रस्ताव दिया। यातायात विभाग ने सांसद म्हात्रे द्वारा दिए गए सुझावों पर ध्यान देने का आश्वासन देते हुए पुलिस उपायुक्त डॉ.विनीत राठौड़ ने कहा की भिवंडी में यातायात जाम को हल करने के लिए तत्काल प्रयास किया जा रहा है और सड़क पर यातायात जाम और दुर्घटनाओं सहित भारी यातायात को रोकने के लिए यातायात विभाग द्वारा उचित कार्रवाई करने की जाएगी। वाहनों को भी समय के अनुसार नियंत्रित एवं नियोजित किया जाएगा।

# दो अज्ञात महिला ने सुनार की दुकान में किया हाथ साफ

**दोपहर संवाददाता । भिवंडी**

भिवंडी के थाना रोड स्थित कैसरबाग में इलाके में दो अज्ञात बुरका धारक महिला ने एक जेवलर्स की दुकान में 8 लाख रूपये कीमत के सोने के नाक की बीरी चोरी कर फरार हो गए है। भोईवाड़ा पुलिस ने दोनो अज्ञात महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश में जुट गई है। पुलिस के अनुसार सोमवार की शाम साढ़े पांच बजे के करीब थाना रोड स्थित कैसरबाग में किरण ज्वेलर्स नामक दुकान में दो बुरका धारक महिलाओं ने दुकानदार को नाक की बीरी दिखाने को कहा और दिसाभूल करते हुए उन्होंने 8 लाख रूपये कीमत के दाहिने 200 नग नाक की बारी चोरी कर फरार हो गई है। भोईवाड़ा पुलिस ने दुकानदार श्री मंछालाला जसाजी चौहान 52 वर्ष की शिकायत पर दोनो अज्ञात बुरका धारक महिलाओं के विरुद्ध न्याय संहिता की धारा 305 (अ), 3 (5) के तहत मामला दर्ज कर उनकी तलाश कर रही है।

# कोर्ट ने यौन उत्पीड़न के आरोपी को सुनाई 10 साल की सज़ा

## नाबालिग लड़के का किया था अप्राकृतिक यौन शोषण



**दोपहर संवाददाता । ठाणे**

ठाणे के कोर्ट ने एक नाबालिग लड़के के साथ अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने के जुर्म में 28 वर्षीय एक व्यक्ति को 10 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई और 10,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने यह राशि पीड़ित को मुआवजे के तौर पर देने का निर्देश भी दिया है। अदालत के आदेश की एक प्रति गुरूवार को उपलब्ध कराई गई। यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) कानून के मामलों की एक विशेष अदालत के जज डी.एस. देशमुख ने दो जुलाई को दिए गए आदेश में कहा कि अभियोजन पक्ष ने आरोपी पर लगे सभी आरोपों को साबित कर दिया है। ठाणे शहर के वाघबिल इलाके के रहने वाले दोषी पर अदालत ने 10,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया और यह राशि पीड़ित को मुआवजे के तौर पर देने का निर्देश दिया है। जज ने यह भी निर्देश दिया कि पीड़ित को अतिरिक्त मुआवजा देने के लिए मामला जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) को भेजा जाए।

### क्या है मामला?

विशेष लोक अभियोजक संध्या एच. म्हात्रे ने अदालत को बताया कि 24 दिसंबर 2016 की रात को नाबालिग अपने दोस्त के घर क्रिसमस की पूर्व संध्या पर आयोजित समारोह में शामिल होने के बाद अकेले अपने घर लौट रहा था। वह उस समय 11 साल का था। उन्होंने बताया कि आरोपी ने उसे बीच रास्ते में पकड़ा और अंधेरे में सड़क के किनारे एक पेड़ के नीचे ले जाकर उसके साथ अप्राकृतिक यौन संबंध बनाए। म्हात्रे ने बताया कि पीड़ित ने घर लौट कर अपने अभिभावकों को आपबीती बताई जिसके बाद उसके माता-पिता ने शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अप्राकृतिक अपराध के कानूनी प्रावधानों और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम के तहत आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की।

### आरोपी को किया गया था गिरफ्तार

अभियोजन पक्ष के अनुसार, आरोपी को बाद में गिरफ्तार कर लिया गया। म्हात्रे ने बताया कि पीड़ित और उसकी मां सहित कुल आठ गवाहों से पूछताछ की गई। उन्होंने बताया कि पीड़ित के कपड़ों पर लगे खून के धब्बे आरोपी के नमूनों से मेल खाते थे, जिसे अदालत ने उसे दोषी ठहराने के लिए निर्णायक सबूत के तौर पर स्वीकार किया।

# एसएससी, एचएससी विद्यार्थियों के लिए पुरस्कार समारोह

**दोपहर संवाददाता । भिवंडी**

भिवंडी शहर से सटे तालुका के खाड़ीपार खोणी ग्रामपंचायत के (रसूलाबाद) गांव के विद्यार्थियों का एसएससी, एचएससी और नीट सफलता में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर खोणी के सरपंच अल्ताफ शेख बाली ने पुरस्कार वितरण का आयोजन शहर के प्रसिद्ध सिकंदर फक्कीह हॉल में किया गया। इस कार्यक्रम की खास बात यह रही कि इस गांव के जिला परिषद उर्दू स्कूल के ९०० सफलतापूर्वक छात्रों को पुरस्कार दिया गया। समारोह की शुरुआत इस विद्यालय के शिक्षक अतिकुर रहमान मुहम्मद इलियास ने नात शरीफ प्रस्तुत के साथ किया। इसी प्रकार इसी विद्यालय के छात्रों ने नाते रसूल और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। जिसके बाद अध्यक्षता के लिए खोणी ग्रामपंचायत के सरपंच अल्ताफ शेख (उर्फ बाली) को नामांकित किया गया और उन्हें आधिकारिक अध्यक्षता की पेशकश की गई। इसके साथ ही आए हुए सभी अतिथियों का जोरदार स्वागत किया गया।




### अतिथि वक्ताओं ने दिया सारगर्भित भाषण

अतिथि वक्ताओं में प्रिंसिपल रईस हाई स्कूल और जूनियर कॉलेज भिवंडी के प्रिंसिपल जियाउर्रहमान अंसारी और प्रिंसिपल समदिया हाई स्कूल के साजिद सिद्दीकी ने बहुत सारगर्भित भाषण दिया। उन्होंने कहा कि इस छात्र कार्यक्रम और इसी तरह के अन्य कार्यक्रमों से छात्रों में काफी उत्साह देखने को मिलता है। उन्होंने कहा की कार्यक्रम से आगे का चरण अधिक कठिन है। छात्र, विशेषकर लड़के कई कारणों से एसएससी या एचएससी के बाद शिक्षा छोड़ देते हैं। उन्हें वापस लाना समाज में विभिन्न स्तरों पर रचनात्मक कार्यकर्ताओं का कार्य है। ताकि वे उनकी समस्याओं को समझें और यथासंभव उनका समर्थन करें और उन्हें स्कूल में वापस लाएँ। आगे ये छात्र अपना रास्ता खुद बनाएंगे। जिला परिषद उर्दू विद्यालय खोणी रसूलाबाद के 900/ छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित किया गया। जिसमें मैडल, कंपास बॉक्स, एवं अन्य सामान अतिथियों के हाथों से दिया गया। इस अवसर पर नूह पटेल, जियाउर रहमान अंसारी, साजिद सिद्दीकी, डॉ. अब्दुल कादिर, अयूब खान, एहसान शेख, फैयाज (उर्फ एफटी), शकील अंसारी, रसूल खान, दानिश मदु, अशफाक पनवेलकर, जरार खरबे, जवाहर मंडल, महताब शेख, कय्यूम शेख , हबीब खान, पूर्व नगरसेवक तल्हा मोमिन, नईम शेख, बाकर भाई और शारिका मैडम ने छात्रों को पुरस्कार प्रदान किये। इसी प्रकार, एसएससी, एचएससी और नीट परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करने वालों को शील्ड, बैज, प्रमाण पत्र और अन्य सामान देकर प्रोत्साहित किया गया।

# ठाणे मनपा ने जब्त किया 139 किलो प्लास्टिक



**दोपहर संवाददाता । ठाणे**

महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और ठाणे मनपा प्रदूषण नियंत्रण विभाग ने पूरे ठाणे मनपा क्षेत्र में एकल उपयोग प्लास्टिक प्रतिबंध को लेकर कार्रवाई की. इस कार्रवाई में कुल 369 प्रतिष्ठानों का दौरा किया गया और 139.56 किलोग्राम एकल उपयोग प्लास्टिक जब्त किया गया और कुल 95 हजार 100 रुपये का जुर्माना वसूला गया है।

### दिवा वार्ड समिति के अंतर्गत 23 किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त

इसी तरह ठाणे नगर निगम क्षेत्र में दिवा वार्ड समिति के अंतर्गत 17 प्रतिष्ठानों का दौरा कर 23 किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त किया गया और कुल 4 हजार का जुर्माना वसूला गया . कलवा वार्ड समिति के तहत 55 प्रतिष्ठानों का दौरा किया गया और 32 .26 किलोग्राम प्लास्टिक जब्त किया गया और कुल 18 हजार का जुर्माना वसूला गया ।

### उथलसर वार्ड समिति के तहत 10 किलो एकल उपयोग प्लास्टिक जब्त


उथलसर वार्ड समिति के तहत कुल 30 प्रतिष्ठानों का दौरा किया गया और 10 किलो एकल उपयोग प्लास्टिक जब्त किया गया और कुल 7 हजार का जुर्माना वसूला गया। नौपाड़ा कोपरी वार्ड समिति के तहत 44 प्रतिष्ठानों का दौरा किया गया और 8 हजार 500 रुपये मूल्य का 11 किलोग्राम प्लास्टिक जब्त किया गया। इतना जुर्माना वसूला गया है।

### वागले इस्टेट वार्ड समिति के अंतर्गत कुल 6 हजार 600 रुपए का जुर्माना

वागले इस्टेट वार्ड समिति के अंतर्गत कुल 49 प्रतिष्ठानों पर जाकर 5 किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त कर कुल 6 हजार 600 रुपये का जुर्माना वसूला गया . इतना जुर्माना वसूला गया. लोकमान्य सावरकरनगर वार्ड समिति के तहत 18 प्रतिष्ठानों का दौरा किया गया और कुल 7 किलोग्राम एकल उपयोग प्लास्टिक जब्त किया गया और कुल 3 हजार 500 रुपये का जुर्माना वसूला गया ।वर्तकनगर वार्ड समिति के तहत कुल 78 प्रतिष्ठानों का दौरा किया गया और 2.7 किलोग्राम एकल उपयोग प्लास्टिक जब्त किया गया और कुल 9,000 रुपये का जुर्माना वसूला गया। माजीवाड़ा मानपाड़ा वार्ड समिति के अंतर्गत कुल 78 प्रतिष्ठानों पर जाकर कुल 48 .6 किलोग्राम एकल उपयोग प्लास्टिक जब्त किया गया और कुल 38 हजार 500 रुपये जब्त किये गये. ठाणे नगर निगम की मुख्य पर्यावरण अधिकारी मनीषा प्रधान ने बताया कि इतना जुर्माना वसूला गया है।

# बिजली कर्मियों का न्यूनतम वेतन बढ़ाने तैयार होगी श्रेणी

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**



प्रदेश सरकार की तीनों बिजली कंपनी महावितरण, महानिर्मिति और महापारेषण के ठेका कर्मियों के न्यूनतम वेतन बढ़ाने के लिए संबंधित अधिनियम में एक विशेष श्रेणी तैयार करने के श्रम विभाग को कहा गया है।

राज्य के श्रम आयुक्त तीनों बिजली कंपनियों के ठेका कर्मचारियों के लिए न्यूनतम वेतन दर के लिए स्वतंत्र अनुसूची तैयार करेंगे। अगले चार महीने में बिजली कर्मचारियों का न्यूनतम वेतन दर बढ़ाने के बारे में अंतिम फैसला ले लिया जाएगा। उपमुख्यमंत्री तथा ऊर्जा मंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधान परिषद में यह जानकारी दी है।

### श्रीकांत भारतीय ने बिजली कंपनियों के ठेका कर्मियों को कम वेतन मिलने के बारे में पूछा था सवाल

प्रश्नकाल में भाजपा सदस्य श्रीकांत भारतीय ने बिजली कंपनियों के ठेका कर्मियों को कम वेतन मिलने के बारे में सवाल पूछा था। इसके जवाब में फडणवीस ने कहा कि तीनों बिजली कंपनियों के ठेका कर्मचारियों को वर्तमान में प्रचलित न्यूनतम वेतन दर दिया जाता है। बिजली कंपनियों के कर्मचारी संगठनों ने अलग से न्यूनतम वेतन दर तय करने की मांग की है। इसके आधार पर श्रम विभाग को निर्देश दिए गए हैं। फडणवीस ने कहा कि ठेका कर्मचारियों को लगभग 62 प्रतिशत भत्ता प्रदान किया जाता है। ठेका कर्मियों को वेतन सीधे उनके बैंक खाते में दिया जाता है। फिर भी कई जगहों पर खाते में वेतन मिलने के बाद ठेकेदार द्वारा पैसे मांगने की शिकायतें मिली हैं। फडणवीस ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश के कारण ठेका कर्मियों को दैनिक वेतन पर नहीं रखा जा सकता है। इसलिए इन्हें ठेका कर्मचारी ही माना जाएगा। लेकिन बिजली कंपनियों के नियमित भर्ती में ठेका कर्मचारियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

# आम रेल यात्रियों की सुविधाओं पर रेलवे का फोकस

## कोच उत्पादन में वृद्धि, रेलवे ने 2024 और 2025 के दौरान 10000 नॉन-एसी कोच के उत्पादन में तेजी लाई



**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

आम यात्रियों के जीवन को आसान बनाने के लिए, भारतीय रेलवे ने अगले दो वर्षों के लिए लगभग 10,000 नॉन-एसी कोच के उत्पादन की योजना बनाई है। अधिकारियों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 और 2025-26 के दौरान, लगभग 10000 कोच को अंतिम रूप दिया जा रहा है, जिसमें 5300 से अधिक जनरल कोच की रिकॉर्ड संख्या शामिल है।

### ये है योजना

वित्त वर्ष 2024-25 में, रेलवे ने अमृत भारत जनरल कोच सहित 2605 जनरल कोच, अमृत भारत स्लीपर कोच सहित 1470 नॉन एसी स्लीपर, अमृत भारत एसएलआर कोच सहित 323 एसएलआर कोच, 32 उच्च क्षमता वाले पार्सल वैन और 55 पेंट्री कार बनाने की योजना बनाई है।

वित्त वर्ष 2025-26 में, रेलवे ने अमृत भारत जनरल कोच सहित 2710 जनरल कोच, अमृत भारत स्लीपर कोच सहित 1910 नॉन एसी स्लीपर, अमृत भारत एसएलआर कोच सहित 514 एसएलआर कोच, 200 उच्च क्षमता वाले पार्सल वैन और 110 पेंट्री कार बनाने की योजना बनाई है।

# मनसे के पूर्व नेता वसंत मोरे शिवसेना (यूबीटी) में हुए शामिल

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**



महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के पूर्व नेता वसंत मोरे बृहस्पतिवार को शिवसेना (यूबीटी) में शामिल हो गये। उन्होंने वंचित बहुजन आघाड़ी के टिकट पर पुणे से 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ा था। शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे और पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय राउत ने मोरे का पार्टी में स्वागत किया। राउत ने दिन में इससे पहले कहा था कि आम चुनाव से पहले मनसे छोड़ने वाले मोरे शिवसेना (यूबीटी) में शामिल होंगे।

**मोरे को पुणे संसदीय क्षेत्र में महज 32,012 वोट मिले थे**

लोकसभा चुनाव में मोरे को पुणे संसदीय क्षेत्र में महज 32,012 वोट मिले थे और वह अपनी जमानत भी नहीं बचा पाये थे। पुणे संसदीय सीट भाजपा के मुरलीधर मोहोल ने जीती जिन्हें बाद में केंद्रीय मंत्री बनाया गया। शिवसेना (यूबीटी) में मोरे के आने से पुणे में पार्टी की संभावना बेहतर होगी ।

# कचरा डालने के विवाद में एक युवक की पिटाई

## उल्हासनगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया

**दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर**

उल्हासनगर पुलिस की हद में कचरा डालने को लेकर हुए विवाद में दो लोगो द्वारा एक युवक की बेरहमी से पिटाई किये जाने का मामला सामने आया है।

उल्हासनगर आजाद नगर परिसर दो दिन पहले अमर सिंह यादव को कचरा डालने को लेकर विवाद हो गया।विवाद इतना बढ़ गया की नितेश गुप्ता और उसके पिता प्रभु गुप्ता ने मिलकर अमर सिंह यादव के साथ गाली-गलौज की और मारपीट की. इस पिटाई में अमर सिंह यादव गंभीर रूप से घायल हो गये और उनका जबड़ा बुरी तरह टूट गया. उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. इस मामले में प्रभु गुप्ता और उनके बेटे नितेश गुप्ता के खिलाफ उल्हासनगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है. दोनों आरोपी फरार हैं और पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

# कंटेनर के नीचे दबकर निरीक्षक की मौत

**दोपहर संवाददाता । नवी मुंबई**

नवी मुंबई के जसई में 'कंटेनर यार्ड' में 26 वर्षीय एक निरीक्षक की कंटेनर के नीचे दबने से मौत हो गयी। पुलिस के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उरण थाने के अधिकारी ने बताया कि घटना बुधवार रात साढ़ आठ बजे उस समय हुई जब एक क्रेन से छूटकर कंटेनर निरीक्षक संदीप दिनेश चौरसिया पर आ गिरा। उन्होंने बताया कि चौरसिया की मौके पर ही मौत हो गयी। अधिकारी ने बताया, "क्रेन चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और फिलहाल उसकी गिरफ्तारी नहीं हुई है।"

# धार्मिक न्यासों, मंदिरों ने बेलापुर पहाड़ी पर 2 .3 लाख वर्ग फुट जमीन पर अतिक्रमण किया : आरटीआई

**दोपहर संवाददाता । नवी मुंबई**

नवी मुंबई के भूस्खलन संभावित क्षेत्र बेलापुर पहाड़ी पर 30 धार्मिक न्यासों और मंदिरों द्वारा 2.30 लाख वर्ग फुट से अधिक भूमि पर अतिक्रमण किया गया है। सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत दायर एक याचिका के जवाब में सिडको ने यह जानकारी दी। आरटीआई याचिका दायर करने वाले 'नैटकनेक्ट फाउंडेशन' के संस्थापक बी.एन. कुमार ने कहा कि इस अतिक्रमण से न केवल पर्यावरण संबंधी समस्याएं पैदा होती हैं, बल्कि धार्मिक समारोहों के दौरान इन परिसरों में भारी भीड़ के कारण भगदड़ जैसी अप्रिय घटनाएं भी हो सकती हैं।




### 17 जुलाई को होगी सुनवाई

उन्होंने बताया कि इनमें से सबसे बड़ा मंदिर 43,000 वर्ग फुट क्षेत्र में फैला हुआ है, जबकि कई संरचनाएं 2,000 वर्ग फुट क्षेत्र में फैली हुई हैं। उन्होंने कहा कि वहां पेड़ों की बेतहाशा कटाई के कारण मिट्टी जगह छोड़ रही है।कुमार ने कहा, "2015 से विभिन्न नागरिक संस्थाओं द्वारा शिकायत किए जाने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई।" इन समूहों ने अप्रैल में 'बेलापुर पहाड़ी बचाओ' रैली आयोजित की थी, जिसके बाद महाराष्ट्र राज्य मानवाधिकार आयोग ने सरकारी अधिकारियों को नोटिस जारी किया था।

### 30 निर्माण को ध्वस्त करने के नोटिस

आरटीआई के जवाब में नगर एवं औद्योगिक विकास निगम (सिडको) ने कहा कि 30 निर्माण को ध्वस्त करने के नोटिस दिए गए थे, हालांकि 10 से 12 जून के बीच इन ढांचों को गिराने का अभियान पुलिस सुरक्षा के अभाव में नहीं चलाया जा सका। कार्यकर्ता अदिति लाहिड़ी और हिमांशु काटकर ने कहा कि अधिकारियों को इन अवैध निर्माणों के बारे में पता है, लेकिन कोई भी इस मुद्दे को हल करने का प्रयास नहीं कर रहा है।

# मकान दिलाने के नाम पर 1.15 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी

## फरार आरोपी गिरफ्तार

**दोपहर संवाददाता । पालघर**

पालघर जिले में कई लोगों को मकान दिलवाने का वादा कर 1.15 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। 30 वर्षीय आरोपी मार्च से फरार था। पुलिस के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न सुरागों के आधार पर मंगलवार को आरोपी को वसई इलाके के वागरालपाड़ा से पकड़ा गया।

### कैसे की ठगी?

माणिकपुर पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक राजू माने के मुताबिक, पूछताछ के दौरान पता चला कि आरोपी ने पालघर के वसई और विरार के साथ साथ मुंबई में भी घर खरीदने के इच्छुक लोगों को वसई में एक चॉल में कमरे दिलाने का वादा करके अपने जाल में फंसाया था। उन्होंने बताया कि मार्च 2024 में कुछ पीड़ितों की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ संबंधित प्राविधानों के तहत मामला दर्ज किया गया था।

दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



**अनमोल विचार** सबसे बढ़िया कला दूसरों को खुश करना है : पीटी बरनम

# आज महाराष्ट्र विधानभवन में टीम इंडिया का होगा स्वागत

## रोहित शर्मा समेत 3 खिलाड़ियों को सम्मानित करेंगे CM शिंदे

दोपहर संवाददाता । मुंबई

17 साल बाद टी20 का वर्ल्ड कप जीती टीम इंडिया की घर वापसी हो गई है। भारतीय टीम ने गुरुवार सुबह ही नई दिल्ली हवाई अड्डे पर लैंड किया। एयरपोर्ट पर फैंस ने खिलाड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस बीच शिवसेना विधायक प्रताप सरनाईक ने कहा कि उन्हें मुंबई के रोहित शर्मा, सुर्यकुमार यादव, यशस्वी जयसवाल और शिवम दुबे पर गर्व है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे इन चारों खिलाडियों को शुक्रवार को सम्मानित करेंगे।



### विधानभवन में सम्मानित किए जाएंगे खिलाड़ी

विधायक प्रताप सरनाईक ने कहा कि कप्तान रोहित शर्मा समेत मुंबई के चार खिलाड़ी विधानभवन परिसर में आनेवाले है। उन्हें इस संबंध में मेल भी मिला है। उन्होंने कहा कि आज खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाना चाहिए। खिलाड़ियों सम्मानित करने से उन्हें और अधिक ऊर्जा मिलेगी। जो देश का नाम विश्व स्तर पर लेकर जाएंगे।

# मनोज जरांगे की ड्रोन से हुई जासूसी!

## स्पेशल स्क्वाड करेगी जांच



**मुंबई।** मराठा आरक्षण के लिए लंबे समय से आंदोलन कर रहे मनोज जरांगे पाटील की ड्रोन से कथित जासूसी का मुद्दा महाराष्ट्र विधानसभा में भी उठा, जिसके बाद राज्य सरकार ने पूरे मामले की जांच स्पेशल स्क्वाड से कराने का ऐलान किया। महाराष्ट्र सरकार में मंत्री शंभूराज देसाई ने गुरुवार को विधानसभा में कहा कि मराठा आरक्षण के लिए संघर्ष कर रहे मनोज जरांगे के ड्रोन से कथित जासूसी के आरोपों की जांच के लिए विशेष दल गठित किया जाएगा। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष (स्पीकर) राहुल नार्वेकर को बताया कि मराठा कार्यकर्ता जरांगे को प्रशासन ने पर्याप्त सुरक्षा दी है।

### क्या है मामला ?

इससे पहले विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार की ओर से मुद्दा उठाए जाने के बाद स्पीकर ने सरकार को मनोज जरांगे को सुरक्षा देने का आदेश दिया था, जिसके बाद देसाई ने बताया कि राज्य सरकार जालना जिला पुलिस से इस मुद्दे की जांच करने और रिपोर्ट पेश करने का निर्देश देगी। पुलिस की टीम पहले ही जरांगे के अंतरवाली सराटी गांव का दौरा कर चुकी है लेकिन कोई ड्रोन नहीं मिला है। जिला पुलिस ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। हालांकि, एक और दल फिर से मौके पर जाएगा और जरांगे की ड्रोन से जासूसी हुई है या नहीं इसकी पड़ताल करेगा।

## अधर में लटकी परियोजनाओं को मिला बूस्टर

# अब एमएमआरडीए, सिडको और म्हाडा पूरा करेंगी परियोजनाएं



दोपहर संवाददाता । मुंबई

मुंबई के झोपड़पट्टी पुनर्वसन प्राधिकरण (एसआरए) की अधर में लंबित परियोजनाओं का काम अब एमएमआरडीए, सिडको, म्हाडा और मुंबई मनपा के जरिए पूरा किया जाएगा। इस बारे में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में हुई बैठक में नीतिगत निर्णय लिया गया है। अब जल्द ही इसको लेकर अगली कार्यवाही पूरी की जाएगी। विधान परिषद में उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने यह जानकारी दी।







### प्रवीण दरेकर ने एसआरए की परियोजनाओं की सुस्त गति को लेकर पूछा था सवाल

गुरुवार को प्रश्नकाल में भाजपा सदस्य प्रवीण दरेकर ने एसआरए की परियोजनाओं की सुस्त गति को लेकर सवाल पूछा था। दरेकर ने कहा कि जिस गति से एसआरए की इमारतों का काम चल रहा है, उसको देख कर लगता है कि एसआरए के घरों का काम 100 साल में पूरा नहीं हो सकेगा। इस पर फडणवीस ने कहा कि बिल्डरों के मुश्किल में फंसने के कारण एसआरए की परियोजनाओं अलग-अलग चरणों में अटकी पड़ी हैं। इससे एमएमआरडीए, सिडको, म्हाडा जैसी संस्थाएं लंबित परियोजनाओं का काम पूरा करेंगी तो इन परियोजनाओं को गति मिल सकती है। इस बीच फडणवीस ने कहा कि जिस जगह पर जमीन की कीमत अधिक है। केवल उन्हीं जगहों पर एसआरए की योजना प्रभावी रूप से सफल हो पा रही है।

### एसआरए के घरों को बेचने के लिए एनओसी ऑनलाइन मिलेगी: अतुल सावे

इस बीच भाजपा के सदस्य भाई गिरकर ने एसआरए के घरों को बेचने के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) देरी से मिलने को लेकर सवाल पूछा। इस पर राज्य के गृहनिर्माण मंत्री अतुल सावे ने कहा कि एसआरए के घरों को बेचने के लिए अब अनापत्ति प्रमाणपत्र ऑनलाइन दिया जाएगा। आवेदन करने के 45 दिनों के भीतर प्रमाणपत्र मिल सकेगा। अगले एक महीने में ऑनलाइन एनओसी देने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। सावे ने कहा कि एसआरए के घरों को 10 साल के बजाय 5 साल में बेचने की अनुमति का नियम लागू कर दिया गया है। एसआरए के घरों को बेचने के लिए हस्तांतरण शुल्क 1 लाख रुपए के बजाय 50 हजार रुपए देना पड़ता है। रक्त संबंधी हस्तांतरण में केवल 200 रुपए वसूले जाते हैं।

# सुप्रिया सुले ने 'लाडकी बहिन' योजना को सराहा

**मुंबई/पुणे।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार (राकांपा-एसपी) की लोकसभा सदस्य सुप्रिया सुले ने महाराष्ट्र सरकार की 'लाडकी बहिन' योजना की तारीफ की। साथ ही उन्होंने सरकार पर तंज भी कसा और इस योजना को जुमला करार दिया है। उन्होंने कहा विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले इस योजना की घोषणा और क्रियान्वयन जुमले के अलावा और कुछ नहीं है। बता दें कि पिछले सप्ताह बजट में घोषित राज्य सरकार की 'मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना' के तहत पात्र महिलाओं को 1,500 रुपये प्रति माह दिए जाएंगे।



### बेरोजगारी और महंगाई के मद्देनजर योजना अच्छी

बारामती से सासंद सुप्रिया सुले ने संवाददाताओं से कहा, "महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव होने में सिर्फ दो से तीन महीने बचे हैं इसलिए राज्य सरकार की ओर से जुमलों की बौछार आने की उम्मीद थी।" महाराष्ट्र में अक्टूबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। योजना के क्रियान्वयन के बारे में पूछे जाने पर सुले ने कहा, "बढ़ती बेरोजगारी और महंगाई के मद्देनजर यह योजना अच्छी है। राज्य सरकार ने महिलाओं की सहायता करने की कोशिश की लेकिन इस योजना में कई शर्तें और नियम हैं।"

### अजित पवार के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों पर क्या बोलीं सुले?

उन्होंने कहा कि उन्होंने और उनकी पार्टी के नवनिर्वाचित सांसदों ने प्याज, दूध और चीनी से संबंधित केंद्र की निर्यात नीतियों को लेकर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात की है। अपने चचेरे भाई और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के इस दावे के बारे में पूछे जाने पर कि उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप अभी तक साबित नहीं हुए हैं, सुले ने कहा कि उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को इसका जवाब देना चाहिए क्योंकि उन्होंने ही ये आरोप लगाए हैं।

### 'सरकारी धन खर्च कर जीते जा रहे चुनाव'

उन्होंने कहा कि वह इस योजना का स्वागत करती हैं, लेकिन राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव से ठीक पहले यह योजना शुरू करना एक चुनावी जुमले के अलावा कुछ नही है। सुले ने कहा कि चुनाव कर्ज लेकर और सरकारी धन खर्च करके जीते जा रहे हैं, लेकिन सत्ता में बैठे लोगों को, चाहे वह कोई भी हों, इस बात पर विचार करना चाहिए कि इसकी क्या कीमत चुकानी पड़ेगी।

### अजित पवार पर बेबुनियाद आरोप

पिछले हफ़्ते बजट पेश होने के बाद अजित पवार ने दावा किया था कि उनके खिलाफ़ बेबुनियाद आरोप लगाए गए हैं और उन्हें अभी तक साबित नहीं किया जा सका है। उन्होंने यह भी कहा था कि आरोप कभी साबित नहीं होंगे। सुले ने कहा कि ट्रक भर सबूतों के बारे में बड़े-बड़े दावे किए गए और उनकी "तीन बहनों के यहां तक छापे मारे गए, जबकि उनका (किसी भी चीज़ से) कोई संबंध भी नहीं था।" उन्होंने कहा "इन छापों के लिए कौन ज़िम्मेदार है? सत्ता में बैठे लोग ही ज़िम्मेदार हैं। इसलिए अजीत पवार के ख़िलाफ़ भ्रष्टाचार के आरोपों के बारे में जवाब महा विकास अघाड़ी (विपक्षी गुट) को नहीं देना चाहिए। यह जवाब 'महायुति' (भाजपा के नेतृत्व वाला सत्तारूढ़ गठबंधन) को जवाब देना चाहिए क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फडणवीस सहित भाजपा नेताओं ने अजीत पवार के ख़िलाफ़ ये आरोप लगाए हैं।"



# चलती कार पर गिरा फ्लाइओवर का स्लैब

**मुंबई।** अंधेरी इलाके में एक फ्लाइओवर का स्लैब गुरुवार दोपहर एक चलती कार पर गिर गया। हालांकि इस हादसे में कार सवार को चोटें नहीं आईं। नगर निकाय के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर गुंडावली मेट्रो रेल स्टेशन के पास दोपहर सवा तीन बजे के आसपास हुई। स्लैब कार के बोनट पर गिर गया, जिससे उसका अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद दमकल, पुलिस और स्थानीय वार्ड के कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर हालात को संभाला।

**नोटीस**

इसके द्वारा सभी जनता को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष श्रीमती कमलादेवी नारायणदास गुप्ता फ्लैट नंबर ३०१, तीसरी मंजिल, गैलेरिया को-ऑप हाउसिंग सोसाइटी डॉक्टर मूस रोड, तलावपाली के सामने, ठाणे - ४००६०१ की मालिक हैं। संपत्ती विवरण 741 sq.ft.C.T.S no.10,11,12 tikka no.17, इस फ्लैट को बेचा जाना है, यदि इस फ्लैट से संबंधित किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह व्यक्ति इस नोटिस के प्रकाशन के १५ दिन के भीतर उस फ्लैट के दस्तावेजों के साथ लिखित रूप से अपनी आपत्ति दर्ज कराए अन्यथा कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी।

**शर्मा अँड असोसिएट्स**

पहली मंजिल, शेलार बिल्डिंग, गोखले रोड, नौपाडा, ठाणे -४००६०२.

## मानव तस्करी से जुड़े मामले को लेकर बड़ा खुलासा

# फर्जी तरीके से वीजा बनवाकर जम्मू से कई लोग गए दक्षिण कोरिया

दोपहर संवाददाता । मुंबई

मानव तस्करी से जुड़े मामले को लेकर पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। पुलिस की जांच में सामने आया कि फर्जी दस्तावेजों या फिर अन्य संदिग्ध तरीकों से वीजा प्राप्त कर रोजगार के लिए जम्मू क्षेत्र से पिछले कुछ सालों में कई लोग दक्षिण कोरिया गए है। मामले की जांच में शामिल एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी है। आपको पता हो कि पिछले हफ्ते मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक गिरोह का भंडाफोड़ किया था और इस गिरोह के 5 लोगों को गिरफ्तार भी किया था। जिनमें दो नेवी के ऑफिसर भी थे। यह गिरोह गिरोह दक्षिण कोरिया में काम की तलाश कर रहे लोगों को फर्जी दस्तावेजों के आधार पर वीजा दिलवाने का काम करता था।

### नौसेना के दो अधिकारियों समेत 5 गिरफ्तार




एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि यह गिरोह पिछले एक साल में कम से कम आठ लोगों को दक्षिण कोरिया भेजने में कामयाब रहा,
हालांकि उनमें से दो को वापस भारत भेज दिया गया। मुंबई अपराध शाखा ने इस मामले में अब तक नौसेना के दो अधिकारियों लेफ्टिनेंट कमांडर विपिन डागर और सब लेफ्टिनेंट ब्रह्म ज्योति के साथ सिमरन तेजी, रवि कुमार और दीपक डोगरा को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह पिछले साल मई से सक्रिय था।

### ब्रह्म ज्योति था गिरोह का सरगना

अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान यह भी सामने आया कि जम्मू जिले के रणबीर सिंह पोरा तहसील के सुचेतगढ़ से कई लोग पिछले कुछ वर्षों में इसी तरह (विभिन्न गिरोहों की मदद से) से दक्षिण कोरिया गए थे। उन्होंने बताया कि पर्यटक वीजा पर यात्रा करने के बाद वे दक्षिण कोरिया में कारखानों और निर्माण स्थलों पर दिहाड़ी मजदूर के रूप में काम करते हैं। अधिकारी ने बताया कि दक्षिण कोरिया में मजदूरी भारत की तुलना में बहुत अधिक है, इसलिए अवैध श्रमिकों के लिए कोरियाई देश एक आकर्षक गंतव्य बना हुआ है। पुलिस ने दो दिन पहले दावा किया था कि गिरोह का सरगना ब्रह्म ज्योति था, जिसे पिछले सप्ताह गिरफ्तार किया गया।

# 'महाराष्ट्र सरकार बनाए किसानों के हित वाली फसल बीमा पॉलिसी'

## किसानों को परेशान करने वाली फसल बीमा कंपनियों पर हो कार्रवाई: नाना पटोले



**मुंबई।** महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने गुरुवार को कहा कि फसल बीमा कंपनियों की ज्यादती से महाराष्ट्र का किसान परेशान हो गया है। पटोले ने शिंदे सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि किसानों को परेशान करने वाली इन बीमा कंपनियों पर किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### 'फसल बीमा कंपनियां किसानों की जान लेकर अपनी जेबें भर रही'

नाना पटोले ने गुरुवार को विधान भवन में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मराठवाड़ा सहित राज्य के विभिन्न हिस्सों में सूखा है, किसान संकट में हैं। सरकार की ओर से किसानों को मदद नहीं मिल रही है, दूसरी ओर फसल बीमा कंपनियां किसानों की जान लेकर अपनी जेबें भर रही हैं। राज्य सरकार फसल बीमा कंपनियों के साथ है। राजस्व विभाग की वेबसाइट बंद है, जिससे पंजीकरण नहीं करा पाने की वजह से किसानों को फसल बीमा नहीं मिलता है। इसके साथ ही बीमा कंपनियों की ओर से तरह-तरह की बहानेबाजी कर किसानों को फसल बीमा का मुआवजा नकारा जा रहा है।

**DECLARATION**

I JAY MAHENDRA SALUNKHE DATE OF BIRTH 15/09/2013 SON OF NO 15710272M RANK NK SALUNKHE MAHENDRA LAXMAN R/O 4 CORPS SIG REGT C/O 99 APO THAT I HAVE CHANGE MY NAME FROM JAY TO JAY MAHENDRA SALUNKHE VIDE AFFIDAVIT BEFORE THE NOTARY MUMBAI DECLARATION ON DATED 04/07/2024

**DECLARATION**

I ASHA LAXMAN SALUNKHE DATE OF BIRTH 01/01/1966 MOTHER OF NO 15710272M RANK NK SALUNKHE MAHENDRA LAXMAN R/O 4 CORPS SIG REGT C/O 99 APO THAT I HAVE CHANGE MY NAME FROM ASHA TO ASHA LAXMAN SALUNKHE AND DATE OF BIRTH 01/07/1962 TO 01/01/1966 VIDE AFFIDAVIT BEFORE THE NOTARY MUMBAI DECLARATION ON DATED 04/07/2024

**DECLARATION**

I LAXMAN DYANU SALUNKHE DATE OF BIRTH 01/06/1948 FATHER OF NO 15710272M RANK NK SALUNKHE MAHENDRA LAXMAN R/O 4 CORPS SIG REGT C/O 99 APO THAT I HAVE CHANGE MY NAME FROM SALUNKHE LAXMAN DHYANU TO LAXMAN DYANU SALUNKHE AND DATE OF BIRTH FROM 01/07/1952 TO 01/06/1948 VIDE AFFIDAVIT BEFORE THE NOTARY MUMBAI DECLARATION ON DATED 04/07/2024

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**मुख्य अभियंता (मैकेनिकल एंड इलेक्ट्रिकल) विभाग**

क्र. ई.ई.मेक/1061/आरईएफ डीटी.02.07.2024

**ई-निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| विभाग | सीएच.अभि.(एम एंड ई) |
| उप विभाग | डीवाई.सीएच.अभि.(एम एंड ई)सिटी/ ईएक्स.अभि.मेक.(रेफ्रिजरेशन) |
| निविदा संख्या | 1) 2024_एमसीजीएम_1047361_1 |
| विषय | आपदा नियंत्रण प्रकोष्ठ, एफ/दक्षिण वार्ड की वीआरएफ एसी इकाई को नई वीआरएफ एसी इकाइयों से बदलने का कार्य। ई.ई.मेक/आरईएफ /T-03/ डीटी.02.07.2024 |
| बोली शुरुआत तिथि और समय | 05/07/2024 को सुबह 11.00 बजे |
| बोली समाप्ति तिथि और समय | 11/07/2024 को शाम 04.00 बजे |
| बोली पूर्व बैठक | --- |
| वेबसाइट | http://portal.www.mcgm.gov.in |
| संपर्क अधिकारी नाम | श्री. ए.के.जांभोर |
| लैंड लाइन संख्या | 022-23096433 |
| मोबाइल संख्या | 9930128387 |
| ईमेल | eemechref.me@mcgm.gov.in |

सही/-
(ए. के. जंभोर)
ई. ई. मेक.(रेफ्रिजरेशन)

पीआरओ/349/विज्ञा./2024-25

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

# मराठा समाज को कुणबी जाति प्रमाण-पत्र जारी करने जनहित याचिका दाखिल



**मुंबई।** राज्य के सभी मराठा समाज के लोगों को कुणबी घोषित कर जाति प्रमाण-पत्र देने को लेकर बॉम्बे हाई कोर्ट में जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की गई है। पीआईएल में दावा किया गया है कि मराठा और कुणबी की पहचान ऐतिहासिक रूप से आपस में जुड़ी हुई है, जिसमें कृषि व्यवसायों, सांस्कृतिक परंपराओं और सामुदायिक अंतर्संबंधों में समानताएं हैं। ओबीसी श्रेणी के तहत कुणबी समुदाय के लिए निर्धारित लाभों से मराठ समाज को अन्यायपूर्ण तरीके से बाहर रखा जा रहा है। 31 जुलाई को मामले की अगली सुनवाई है। मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र उपाध्याय और न्यायमूर्ति अमित बोरकर की पीठ ने गुरुवार को सुनील शत्रुघ्न व्यावरे द्वारा दायर पीआईएल पर सुनवाई हुई। इस दौरान पीठ ने याचिकाकर्ता से पूछा कि क्या हम ऐतिहासिक साक्ष्यों का मूल्यांकन करने और सभी मराठा समाज के लोगों को कुणबी घोषित करने और उन्हें कुणबी जाति प्रमाण-पत्र जारी करने में सक्षम है? अगर वे किसी जाति को मान्यता नहीं दे रहे हैं, तो उस पर विचार किया जा सकता है।

## संपादकीय

# मौसम का चरम

बहुत ज्यादा समय नहीं बीता जब देश की राजधानी समेत कई बड़े-छोटे शहर जिस्म झुलसाती गर्मी से हाय-हाय कर रहे थे। राजधानी में ही जून का औसत तापमान 42 डिग्री से अधिक रहा। साथ ही पेयजल का संकट भी कई बस्तियों में नजर आया। पानी की आपूर्ति को लेकर दिल्ली व हरियाणा के बीच टकराव की खबरें अखबारों की सुर्खियां बनती रहीं। कोर्ट सख्त लहजे में नीति-नियंताओं को मिल-जुलकर पेयजल संकट दूर करने को कहता रहा। फिर दिल्ली में बरसात की पहली बारिश होती है तो आठ दशक का रिकॉर्ड टूट जाता है। जल निकासी की व्यवस्था शर्म से पानी-पानी हो जाती है। सड़कों में तैरते वाहन और दरकती इमारतें व्यवस्था की पोल खोलती रही। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक ही है कि कल तक जो दिल्ली प्यासी थी वह अचानक बारिश के पानी में क्यों डूबती नजर आई? जाहिर बात है कि मौसम की तीव्रता गर्मी, बरसात और सर्दी में साफ नजर आ रही है। लेकिन हमारी तरफ से इससे मुकाबले के लिये जमीनी प्रयास न के बराबर हैं। दरअसल हुआ यह है कि बारिश के पानी के निकासी के जो प्राकृतिक रास्ते थे, वे कुछ लोगों व बिल्डरों ने कब्जा लिए हैं। नदियों तक पानी ले जाने वाले रास्तों व तालाबों पर तमाम अवैध निर्माण हुए हैं। जो इलाके प्राकृतिक रूप से पानी का अवशोषण करते थे, उन्हें हमने अतिक्रमण से अवरुद्ध कर दिया है। दरअसल, वैज्ञानिक, पर्यावरणविद् और मीडिया के लोग वर्षों से लगातार ग्लोबल वार्मिंग के संकट के प्रति चेताते रहे हैं, लेकिन हमारे नीति-नियंता सिर्फ गाल बजाने का काम करते रहे हैं। लेकिन अब जब ग्लोबल वार्मिंग ने हमारे खेत-खलिहानों में दस्तक देकर हमारी खाद्य श्रृंखला को संकट में डालना शुरू कर दिया है तो भी हमारे सत्ताधीश कुंभकरणी नींद में डूबे हैं। मौसम के जानकार बता रहे हैं कि हाल के दशकों में जून के जो सबसे ज्यादा चार गर्म माह रहे हैं, उनमें तीन पिछले तेरह वर्षों में रहे हैं। लोग महसूस कर रहे हैं हर साल का जून पहले जून से ज्यादा गर्म होता है। निस्संदेह, गर्मियों के मौसम में अखबारों में छपने वाले तापमान के बढ़ने के आंकड़े डराने वाले हैं। वहीं सर्दी का समय कम होता जा रहा है। बारिश है कि अचानक कम समय में इतनी बरसती है कि चारों तरफ जल-थल की स्थिति बन जाती है। सही मायनों में स्थितियां परेशान करने वाली हैं। वक्त की जरूरत है कि इस संकट से निबटने के लिए तात्कालिक व दूरगामी उपाय किए जाएं। हमें योजनाओं का निर्माण दीर्घकालिक लक्ष्यों के हिसाब से करना होगा। वहीं दूसरी ओर हर साल लू से मरने वाले लोगों के आंकड़े को कम करने के लिये फौरी उपाय अपनाने होंगे। हमें समाज में उन लोगों को पहले राहत देने का प्रयास करना होगा जो परिस्थितिवश दिन में खुले में काम करने के लिये मजबूर हैं। जैसे दिहाड़ी कामगार, फल-सब्जी आदि बेचने के लिये रेहड़ी-पटरी लगाने वाले लोग, रिक्शा चालक, यातायात व्यवस्था संभालने वाले पुलिसकर्मियों आदि को तात्कालिक राहत देने के प्रयास करने होंगे। उनके लिये छांव व पानी की व्यवस्था सार्वजनिक स्थलों पर हो। वहीं हमें ऑफिस तथा स्कूल-कॉलेजों के समय में बदलाव करना होगा। जो दिन में गर्मी का पीक समय होता है, उस समय काम से जुड़ी गतिविधियों को कुछ घंटों के लिये स्थगित किया जाए। ऐसे सार्वजनिक स्थल बनाये जाएं जहां लोग गर्मी में राहत पा सकें। फसलों के चक्र व किस्मों में बदलाव किया जाए, ताकि फसलें कम बारिश व अधिक तापमान में अधिक उत्पादन कर सकें। इसी तरह घरों की निर्माण शैली में बदलाव हो। छतों व दीवारों पर सफेद पेंट लगाया जाए। दीवारें मोटी बनें और वेंटीलेशन की पर्याप्त व्यवस्था हो। साथ ही खाली जगह व छतों पर हरियाली उगाने के प्रयास हों। जिससे लोगों को घरों में गर्मी कम लगे और हम ए.सी. आदि कृत्रिम उपायों से बच सकें। वर्षा जल संग्रहण व भू-जल स्तर सुधारने के लिये प्रयास हों। साथ ही फलदायक व छायादार वृक्ष लगाए जाएं। अपनी जीवन शैली को प्रकृति के अनुरूप ढाल कर हम इस संकट से बच सकते हैं।

# राजनीतिक अविश्वास से उपजा सत्ता पलट

**पुष्परंजन**



बिहार के सहरसा में जन्मे गिरिजा प्रसाद कोइराला नेपाल में चार बार प्रधानमंत्री रहे। मई, 2008 में जब वह अंतरिम सरकार के कार्यकारी प्रधानमंत्री थे, तब भी अपनी इकलौती संतान सुजाता कोइराला को प्रधानमंत्री बनते देखना चाहते थे, लेकिन उनका यह सपना उनके साथ ही चला गया। नेपाली कांग्रेस की राजनीति आज भी स्वर्गीय गिरिजा प्रसाद कोइराला को केंद्र में रखकर की जाती है। उसका उदाहरण मंगलवार को तब देखने को मिला, जब कोइराला की 100वीं जयंती के अवसर पर एक फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। 'क्रांति से शांति तक' नामक फोटो प्रदर्शनी नेपाली कांग्रेस के केंद्रीय कार्यालय, सानेपा, ललितपुर में आयोजित किया गया था, जहां वर्तमान प्रधानमंत्री प्रचंड आये, और इसके प्रकारांतर 'पीएम इन वेटिंग', केपी शर्मा ओली भी पधारे। उस अवसर पर प्रचंड का नेपाली कांग्रेस के नेता शेर बहादुर देउबा से क्या संवाद हुआ, वह सार्वजनिक नहीं हुआ है। मगर, बुधवार सुबह प्रचंड ने घोषणा की, कि पहले संसद में विश्वास मत करा लेते हैं, फिर मैं कुर्सी छोड़ूंगा। एक साल 180 दिनों से प्रचंड सत्ता में हैं। तीसरे टर्म प्रधानमंत्री पद पर बने रहना कितना कठिन होता है, उसे यों समझा जाये कि अब तक उन्हें चार बार विश्वास मत हासिल करना पड़ा है। आखिरी बार 20 मई, 2024 को प्रचंड को विश्वास मत हासिल करना पड़ा था, तब उपेन्द्र यादव के नेतृत्व वाली जनता समाजवादी पार्टी ने अपना समर्थन वापस ले लिया था। बुधवार शाम एमाले ने समर्थन वापसी की घोषणा कर दी। उसके आठ मंत्री सरकार में थे, उन्होंने भी त्यागपत्र दे दिया। एमाले ने चौबीस घंटे के भीतर प्रचंड से प्रधानमंत्री पद छोड़ने को कहा है। प्रचंड ने सुबह ही मना कर दिया था कि फ्लोर टेस्ट के बाद ही सब तय होगा। संविधान के अनुच्छेद 100 (2) में कहा गया है कि यदि गठबंधन में कोई राजनीतिक दल अपना समर्थन वापस ले लेता है, तो प्रधानमंत्री 30 दिन के भीतर विश्वास मत के लिए प्रतिनिधि सभा में एक प्रस्ताव पेश करेंगे। अब सबको लग गया है कि प्रचंड आसानी से पद छोड़ने वाले नहीं। सोमवार को जब 'सूर्य अस्त, नेपाल मस्त' था, तब रात सवा बारह बजे काठमांडो के बूढ़ा नीलकंठ स्थित चपली हाइट रिसोर्ट में नेकपा-एमाले (यूएमएल) और नेपाली कांग्रेस ने सत्ता परिवर्तन का समझौता किया था। चपली समझौते में तय हो गया कि बचे हुए टर्म के आधे कालखंड में केपी शर्मा ओली प्रधानमंत्री रहेंगे, और शेष समय शेर बहादुर देउबा प्रधानमंत्री की कुर्सी संभालेंगे। लिखित सहमति के अनुसार, 'ओली नेपाली कांग्रेस और अन्य सीमांत दलों के समर्थन से नई सरकार का नेतृत्व करेंगे। संविधान संशोधन किया जायेगा। समानुपातिक चुनाव प्रणाली बदली जाएगी, नेपाली कांग्रेस गृह सहित 10 मंत्रालयों का नेतृत्व करेगी। यूएमएल को वित्त सहित नौ मंत्रालय मिलेंगे। कांग्रेस और यूएमएल तीन-तीन प्रांतीय सरकारों का नेतृत्व करेंगे, मगर मधेश में सरकार का नेतृत्व एक क्षेत्रीय पार्टी करेगी।' चपली हाइट रिसोर्ट से ही सन्देश जारी किया गया कि इस समझौते का अनुमोदन हम मंगलवार से करने जा रहे हैं, राष्ट्रीय सहमति की सरकार में माओवादियों को छोड़कर, जो शेष दल आना चाहते हैं, उनका स्वागत है। 'चपली समझौते' को सत्ता पलट का प्रयास कहा जाये, तो अनुचित नहीं होगा। ओली ने यह ब्रह्मास्त्र चलाया क्यों, उसके पीछे की वजह अविश्वास है। प्रचंड अलग-अलग ठिकानों पर नेपाली कांग्रेस के नेताओं से बात कर रहे थे, यह खबर केपी शर्मा ओली को थी। एमाले के नेता प्रदीप कुमार ज्ञावाली ने बुधवार को कहा, 'पीएम प्रचंड राष्ट्रीय सर्वसम्मति वाली सरकार बनाने के लिए पिछले एक महीने से नेपाली कांग्रेस के नेताओं के साथ बातचीत कर रहे थे, जिससे अविश्वास की स्थिति पैदा हो गई। इसने अंततः हमें नेपाली कांग्रेस के साथ बातचीत शुरू करने के लिए मजबूर किया।' लेकिन केवल यही बात नहीं थी, राजदूतों की नियुक्तियों में भी दोनों नेताओं में तू-तू, मैं-मैं हुई थी। नेपाल में भूटानी शरणार्थियों को अमेरिका भेजने वाले रैकेट पर कोई भी खुलकर बोलने से परहेज कर रहा है, जिसमें कई दलों के नेता-दलाल-नौकरशाह फंसे हैं। इसमें एक शख्स बेचन झा का नाम आया था, जिसकी गिरफ्तारी टल रही थी। बेचन झा नेपाली कांग्रेस का आदमी बताया जाता है, जिसे कंचनपुर में 30 जून को दो करोड़ के चेक के साथ गिरफ्तार किया गया। कंचनपुर पूर्व परराष्ट्रमंत्री व कांग्रेस नेता नारायण प्रकाश सऊद की कांस्टिचुएंसी है, जिसने जांच एजेंसियों की दुविधा बढ़ा दी है।

नेपाल में अगली सरकार दुरभिसंधि से ही चलेगी, यह तो स्पष्ट है। लेकिन संविधान संशोधन और समानुपातिक प्रणाली समाप्त करने का जो संकल्प 'चपली समझौते' में किया गया है, उसके लिए दो-तिहाई मत कहां से जुटा पाएंगे? 2008 से नेपाल में मिश्रित चुनावी प्रणाली लागू है, जिसमें 60 प्रतिशत प्रतिनिधि प्रत्यक्ष चुनाव से, और 40 प्रतिशत समानुपातिक प्रतिनिधित्व के ज़रिये चुने जाते हैं। यदि संविधान बदलना है, तो संशोधन के लिए निचले और ऊपरी सदन, दोनों में दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता है। निचले सदन में नेपाली कांग्रेस के 88, और एमाले के 78 सभासदों से बात बनेगी नहीं। इन्हें दो-तिहाई बहुमत के लिए 18 और सांसदों के समर्थन की आवश्यकता होगी। और 59 सदस्यीय उच्च सदन में भी दो-तिहाई (40 वोट) बहुमत हासिल करने के लिए नेकपा-माओवादी सेंटर को छोड़कर, हर पार्टी के समर्थन की आवश्यकता होगी। यह आकाश कुसुम तोड़ने जैसा है। ओली के लिए फिलहाल तो मिशन प्रचंड है। लेकिन, नेपाल के एक करोड़ 80 लाख वोटर क्या ठगा सा महसूस नहीं कर रहे होंगे?

## सहज योग

# भारत में कुंडलिनी की शक्ति




उनका **Time** वो बता रहे थे, आज एक किस्सा, एक साहब झगड़ा कर रहे थे उनका **Time** आ गया तिल खाने का। तो अच्छा लाओ देखें तुम्हारी तिल, हाथ में रखकर उसमें **Vibrations** दे दिया, खाओ।

कोई लोग आते हैं, हमसे झगड़ा वगड़ा करने, ये लोग पीछे से उनकी कुंडलिनिया घुमा-घुमा कर उनको ठंडा करते हैं, थोड़ी देर में चुपचाप बैठे। बहुत Tricks करते हैं। एक साहब बहुत झगड़ा कर रहे थे। उनका Time वो बता रहे थे, आज एक किस्सा, एक साहब झगड़ा कर रहे थे उनका Time आ गया तिल खाने का। तो अच्छा लाओ देखें तुम्हारी तिल, हाथ में रखकर उसमें Vibrations दे दिया, खाओ। साथ ध्यान में खट से चले गए। किसी ने ज्यादा परेशान किया तो पानी में ज़रा सा हाथ डालकर वाल करके पिला दीजिए पानी, काम खत्म। चैतन्य अन्दर में एकदम से पनप जाएंगे। लेकिन आप सभी अभी बच्चे हैं। अभी-अभी आप पैदा हुए हैं, तो छोटा बच्चा बड़ी जल्दी बीमार होता है, बड़ी जल्दी आप पकड़ लेते हैं। अपने स्थान से आप बड़ी जल्दी गिर जाएंगे स्थान को पकड़े रहें, स्थान से हटें नहीं। डावांडोल आदमी को नहीं रहना है। अपने स्थान पर जमे रहें क्योंकि चीज़ ऐसी मिली हुई है कि आदमी डांवाडोल हो ही जाएगा। ये आपको मैं बता रही हूं। इसीलिए संघ शक्ति होनी चाहिए। ये लोग हैं आपस में आकर के माताजी मेरा सिर पकड़ गया। निकाल दीजिए। आपस में अरे भई कमर में ही आज्ञा चक्र में कहीं जहां पर भी है वहां निकाल दो। आपस में ऐसे ही बातें करते रहते हैं। अब यही आपके सब भाई बहन हैं यही सब प्रेम की एक नई दुनिया है। ये आपके रिश्तेदार हैं, इनको सबको आप जानिए। कोई तकलीफ होगी अचानक आप देखिएगा कि इनमें से कोई आदमी पहुंच जाएगा, अचानक क्योंकि देवता आपके ऊपर मंडराते हैं। एकदम से कोई आदमी सोचे जरा देखूं उनका क्या हाल है? कहने लगे मुझे पता नहीं मैं कैसे चला आया? मैं आ रहा था रास्ते से, मैंने कहा ऊपर जाएं, चला आया। काम आपका बन गया। एक्सीडेंट आपके होने वाले नहीं, देवता आप पर मंडरा रहे हैं। आपमें से एक भी आदमी गर ऐसी जगह है जहां एक्सीडेंट हो रहा है तो सब बच जाएंगे, आपकी वजह से बहुत बहुत कुछ होगा। आप देखते रहें, रोज़ लिखते रहें, आपकी कुण्डलिनी की जागरणा, उसका घूमना फिरना देखते रहें। उसमें परेशान होने की कोई बात नहीं उठेगी, कभी यहां गुदगुदी करेगी, कभी यहां चढ़ेगी, कभी यहां आलौकित करेगी, कभी यहां आलौकित करेगी। उस सब चीज़ से आपकी जो चेतना है वो बंधी है, वो प्रकाशित होएगी और संसार में वो आन्दोलित होएगी। अभी यहां आप बैठे हुए हैं आपको पता नहीं कि हज़ारों करोड़ों रश्मियां आपकी यहां बह रही हैं। आप देख लीजिएगा कि दिल्ली का वातावरण बदल जाएगा। देख लीजिए हम एक ही बार कलकत्ते गए थे, कलकत्ते का वातावरण देखा आपने कैसा है? तभी हमने कहा था कलकत्ते का वातावरण बदल जाएगा। आठ दिन कलकत्ते में रहे, वातावरण बदल गया। लोगों के दिमाग जरा ठंडा हो गया। आज महाराष्ट्र में सबसे अच्छा चल रहा है। वजह है इसकी कितने ही लोग Realized हो गए महाराष्ट्र के, अब दिल्ली स्टेट को जाना है।

प्रस्तुति : धीरज सिंह

## शख्सियत — पी.वी. सिंधु

# दुनिया के शीर्ष खिलाड़ियों में से एक



**पुसरला वेंकट सिंधु यानी पी वी सिंधु आज 21वीं सदी की एक खेल आइकन और भारत में महिला खिलाड़ियों के लिए एक चमकती किरण हैं। पिछले दशक में यह शटलर दुनिया भर में दर्जनों खिताब जीतकर दुनिया के शीर्ष खिलाड़ियों में अपना नाम दर्ज करवा चुकी हैं। ओलंपिक में रजत पदक और बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनने के बाद, पीवी सिंधु ने लगातार दूसरा ओलंपिक पदक - टोक्यो 2020 में कांस्य जीतकर अपनी चमकदार कैबिनेट में एक और पदक हासिल किया। इस प्रकार वह दो ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गईं।**

5 जुलाई, 1995 को हैदराबाद, आंध्र प्रदेश में जन्मीं पी वी सिंधु, के माता-पिता राष्ट्रीय स्तर पर वॉलीबॉल खिलाड़ी थे। यही वजह है कि जन्म के बाद से ही खेल पीवी सिंधु की रगों में दौड़ रहा था। पीवी सिंधु के पिता का नाम पीवी रमना है, जिन्होंने 1986 के सियोल एशियाई खेलों में कांस्य पदक अपने नाम किया था। वहीं उनकी मां पी विजया भी प्रोफेशनल बॉलीबॉल प्लेयर थीं। सिंधु की एक बहन हैं, जिनका नाम पीवी दिव्या है। पीवी सिंधु की प्रारंभिक शिक्षा औक्सिलियम हाई स्कूल से हुई। इसके बाद उन्होंने सेंट एंस कॉलेज फॉर वुमेन, मेह्दीपटनम से एमबीए की पढ़ाई की। सिंधु ने केवल आठ साल की उम्र से बैडमिंटन खेलना शुरू कर दिया था। उन्हें माता-पिता से हटकर बैडमिंटन खेलना पसंद था। उनपर ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियन पुलेला गोपीचंद की सफलता का काफी प्रभाव था।

ट्रेनिंग की बात की जाए तो सिंधु ने बैडमिंटन की ट्रेनिंग सिकंदराबाद में इंडियन रेल्वे इंस्टिट्यूट ऑफ़ सिग्नल इंजीनियरिंग एंड टेलीकम्यूनिकेशन में मेहबूब अली की देखरेख में शुरू की। इसके बाद उन्होंने अपने प्रतिभा को निखारने के लिए पुलेला गोपीचंद की बैडमिंटन अकादमी में एडमिशन लिया। अखिल भारतीय रैंकिंग चैम्पियनशिप और सब-जूनियर नेशनल जैसे जूनियर बैडमिंटन खिताब जीतने के बाद शुरू हुआ सिंधु की सफलता का सिलसिला। साल 2009 में सिंधु ने सब-जूनियर एशियाई बैडमिंटन चैंपियनशिप में कांस्य पदक अपने नाम किया। इसके एक साल बाद ईरान में अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन चैलेंज में एकल रजत जीता। साल 2012 एशियाई जूनियर चैंपियनशिप में पीवी ने एक बार फिर जीत हासिल की। साल 2016 में हुए रियो ओलंपिक में पीवी सिंधु ने रजत पदक जीता था। इस बार टोक्यो ओलंपिक 2020 में सिंधु ने कांस्य पदक हासिल किया। इस तरह सिंधु ने लगातार दो ओलंपिक में पदक जीतने वाली एकमात्र महिला खिलाड़ी का खिताब भी अपने नाम कर लिया। सिंधु 2018 राष्ट्रमंडल खेलों के उद्घाटन समारोह में भारत की ध्वजवाहक रह चुकी हैं।


पीवी सिंधु को 2015 में सिंधु को पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। इसके बाद साल 2020 में भारत का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार- पद्म भूषण से नवाजा गया। उन्हें सर्वोच्च खेल सम्मान राजीव गांधी खेल रत्न अवार्ड भी मिल चुका है। साल 2013 में पीवी सिंधु को अर्जुन अवार्ड से नवाजा गया था।

## जीवन ऊर्जा

पीटी बरनम : जन्म-5 जुलाई 1810 — जन्म

**पीटी बरनम एक अमेरिकी शोमैन, व्यवसायी और मनोरंजनकर्ता थे, जिनका जन्म 5 जुलाई 1810 को हुआ। उन्होंने बरनम और बेली सर्कस की स्थापना की, जो असाधारण शो के लिए जाना जाता है। बरनम का करियर धोखाधड़ी को बढ़ावा देने, जिज्ञासाओं को प्रदर्शित करने और सामाजिक कारणों की वकालत करने तक फैला हुआ था। उन्होंने एक राजनीतिज्ञ के रूप में काम किया और किताबें लिखीं।**

# भाग्य हमेशा बहादुर का साथ देता है




सबसे बढ़िया कला दूसरों को खुश करना है। भाग्य हमेशा बहादुर का साथ देता है, और कभीभी उस व्यक्ति की मदद नहीं करता जो खुद की मदद नहीं करता। पैसा कुछ मायनों मेंजीवन की आग है: यह एक बहुत बढ़िया नौकर है, लेकिनएक भयानक स्वामी है। पदोन्नति के बिना, कुछ भयानकहोता है... कुछ भी नहीं! सबसे अच्छा दान उन लोगों की मदद करना है जो खुद की मददकरने के लिए तैयार हैं। ऊर्जा और दृढ़ता सभी चीजों पर विजय प्राप्त करती है। साहित्यमानवता की सबसे दिलचस्प और महत्वपूर्ण अभिव्यक्तियों में से एक है। विनम्रता औरसभ्यता व्यवसाय में निवेश की गई सबसे अच्छी पूंजी है। आप जो भी करें, उसेअपनी पूरी ताकत से करें। अधिकतर लोग, कुलमिलाकर, बहुतअधिक विश्वास करने की तुलना में कुछ भी नहीं मानने से ठगे जाते हैं। पैसा तब तककिसी काम का नहीं है जब तक कि आप अनुभव से इसका मूल्य नहीं जानते। दुनिया मेंकिस्मत जैसी कोई चीज नहीं है। ऐसा कोई व्यक्ति कभी नहीं हुआ जो सुबह उठकर सड़क परसोने से भरा एक पर्स पा सके, आज और कल एक और, और इसीतरह, दिन-ब-दिन।जीवन में सफलता की नींव अच्छी सेहत है: यही भाग्य का आधार है; यहीखुशी का आधार भी है। सफलता सुनिश्चित करने के लिए अपने व्यवसाय का सही ज्ञान होनाएक परम आवश्यकता है। महान महत्वाकांक्षा उसी व्यवसाय में लगे अन्य सभी लोगों सेआगे निकलने की होनी चाहिए। भविष्य की खुशी को सुरक्षित करने का सबसे अच्छा तरीकाहै कि आज जितना संभव हो उतना खुश रहें। पैसा खाद की तरह है। जब तक इसे चारों ओर फैलाया नजाए, युवालोगों को बढ़ने के लिए प्रोत्साहित न किया जाए, तब तकइसका कोई मूल्य नहीं है। कुल मिलाकर, ज्यादातरलोग बहुत ज्यादा विश्वास करने की तुलना में कुछ भी न मानने से ठगे जाते हैं। जबलोग मिकी माउस पर हंसते हैं, तो ऐसा इसलिए होता है क्योंकि वह बहुत ही मानवीय है; और यहीउसकी लोकप्रियता का रहस्य है।

## प्रेरक प्रसंग

# सेवा ही परम धर्म है

विख्यात लेखक तथा पत्रकार सखाराम गदेड़स्कर एक बार अपने दो मित्रों के साथ स्वामी विवेकानंद से मिलने गए। बात करते समय विवेकानंद को मालूम चला कि उनमें से एक व्यक्ति पंजाब के निवासी है। उन दिनों पंजाब प्रांत में 1-2 वर्षों से बारिश नहीं हुई थी। भीषण अकाल पड़ा हुआ था। स्वामी जी ने अकाल-पीड़ितों के विषय में चिंता प्रकट की और पीड़ितों के लिए क्या-क्या राहत कार्य किए जा रहे है, उस बारे में पूछताछ की। वे शिक्षा तथा नैतिक एवं सामाजिक उन्नति के बारे में बातें करते रहे। स्वामी जी से विदा लेते समय उस पंजाबी गृहस्थ ने विनयपूर्वक कहा महाराज, मैं तो आपसे इस इच्छा से मिलने आया था कि आप धर्म-अध्यात्म के विषय में कुछ उत्कृष्ट बातें बताएंगे। लेकिन आप तो सूखा तथा शिक्षा जैसे सामान्य विषयों की ही बातें करते रहे। स्वामी जी कुछ पल के लिए बिल्कुल चुप रहे। फिर बड़े गंभीरता से बाले। देखो भाई, जब तक मेरे भारत देश में कोई भी व्यक्ति भूखा है। तब तक उसके लिए अन्न की व्यवस्था करना, उसे अच्छी तरह संभालना, यही सबसे बड़ा धर्म और पुण्य का कार्य है। इसके अलावा जो कुछ भी है, वह मिथ्या या ढकोसला है। जो लोग भूखे हो, जिनका पेट न भरा हो, उनके सम्मुख धर्म का उपदेश देना मात्र केवल दंभ है। पहले उनके लिए अन्न की व्यवस्था करने का प्रयत्न करना चाहिए।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# सुख और दुख है समझ का फेर

(भाग 2)

बालक ने कहा- सुख और दुख किसे कहते हैं यह समझ का फेर है। मैं आपको थोड़ा विस्तार से बताता हूं। संसार में चार प्रकार के लोग हैं। पहले वे जिनके लिए इस लोक में तो सारे सुख सुलभ हैं, धन-दौलत, सत्ता, प्रभाव, बाहुबल सब कुछ परंतु परलोक में उन्हें कुछ भी प्राप्त नहीं होता। उनके पूर्वजन्मों के जो पुण्य शेष हैं, उसे वह इस लोक में भोग रहे हैं, लेकिन वे नए पुण्य नहीं कमाते। ऐसे लोगों का सुखभोग केवल इसी लोक तक है। अगले जन्म के लिए वे कुछ शेष छोड़कर नहीं जा रहे तो उनका अगला जन्म बिल्कुल उसी रूप में होगा, जिसे देखकर आज वे कांपने लगें। दूसरे, वे लोग हैं, जिनके लिए परलोक में सुख का भोग सुलभ है, परंतु इस लोक में नहीं, क्योंकि उनके पिछले जन्म के संचित पुण्य हैं ही नहीं। वे तपस्या करके नए पुण्य कमाते हैं। उससे परलोक में सुख का भोग प्राप्त होगा। तपस्या से अर्थ केवल देव साधना ही नहीं होता, कर्म



साधना भी तप है। उचित कर्म किसी भी तप से कम नहीं, क्योंकि इस संसार में रहते हुए सही मार्ग पर चलना कठोर साधना से ज्यादा कठिन है।

तीसरे, वे लोग हैं, जिनके लिए इस लोक में भी और परलोक में भी सुख भोग मिलता है, क्योंकि उसका पहले का किया हुआ पुण्य भी विद्यमान है और इस लोक में आकर भी वे उत्तम मार्ग का अनुसरण करते हुए कर्मतप से नये पुण्य बनाते रहते हैं। ऐसे लोग कोई-कोई ही होते हैं।

चौथे, वे जिनके लिए न तो इहलोक में सुख है और न परलोक में ही, क्योंकि उनके पास पहले का कोई पुण्य संचित तो है नहीं और इस लोक में भी वे पुण्य कमा नहीं रहे। ऐसे नीच जनों को धिक्कार है। वे सर्वदा त्याग के योग्य हैं और इस लोक में अपमानित होते हुए ही जीवन बिताते हैं और न जाने कितने जीवन ऐसे ही बीतेंगे, तब तक जब तक कि मेरी तरह उन्हें किसी तपस्वी का मार्गदर्शन न प्राप्त हो जाए। इसलिए हे वैश्यवर! आप अपने पड़ोसियों, मित्रों द्वारा कही बात को मन में रखो ही नहीं। उन्हें तो अपने कान में भी प्रवेश न करने दो। आप इस जन्म में भगवान सदाशिव के भजन में लग जाएं जिससे आप जन्म के बंधन से ही मुक्त हो सकते हैं। एक छोटे बालक के मुख से ऐसी ज्ञानमयी और रहस्यपूर्ण बातें सुनकर नंदभद्र बड़े प्रसन्न हुए। उनका सारा भ्रम सारी शंका का निवारण हो चुका था। उन्होंने चकित होकर पूछा – आप कौन हैं, अपना परिचय दें।आप यहां कैसे पधारे है? आपने मेरे सब संदेहों को दूर कर दिया। इतनी कम आयु में इतना ज्ञान आपको कैसे सुलभ हुआ?

बालक ने कहा- पूर्वजन्म में मैं अहंकारी, पाखण्डी, व्याभिचारी था, जिसके चलते मैं वर्षो से नीच योनियों में भटका। भगवान व्यासदेव की ऐसी कृपा कि वे हर योनि में मुझे मुक्तिमार्ग बता देते हैं। उन्होंने ही मुझे आपके पास भेजा है। अब मैं सात दिन के बाद इसी तीर्थ में मरुंगा। आप मेरा अन्तिम संस्कार कर दीजिएगा।



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

## सुविचार



पवित्रता, धैर्य और दृढ़ता ये तीनों सफलता के लिए परम आवश्यक हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

## काव्य संगम

# चुका भी हूँ मैं नहीं!



शमशेर बहादुर सिंह


चुका भी हूँ मैं नहीं
कहाँ किया मैंने प्रेम
अभी।

जब करूँगा प्रेम
पिघल उठेंगे
युगों के भूधर
उफन उठेंगे
सात सागर।
किंतु मैं हूँ मौन आज
कहाँ सजे मैंने साज
अभी।

सरल से भी गूढ़, गूढ़तर
तत्तव निकलेंगे
अमित विषमय
जब मथेगा प्रेम सागर
हृदय।
निकटतम सबकी
अपर शौर्य्यों की
तुम
तब बनोगी एक
गहन मायामय
प्राप्त सुख

तुम बनोगी
तब
प्राप्त जय!

## कहानी



सर्वेश्वर दयाल सक्सेना

हिन्दी कवि एवं साहित्यकार थे। सर्वेश्वर मानते थे कि जिस देश के पास समृद्ध बाल साहित्य नहीं है, उसका भविष्य उज्ज्वल नहीं रह सकता। सर्वेश्वर की यह अग्रगामी सोच उन्हें एक बाल पत्रिका के सम्पादक के नाते प्रतिष्ठित और सम्मानित करती है।

# सफ़ेद गुड़



किदुकान पर सफ़ेद गुड़ रखा था।दुर्लभ था।उसे देखकर बार-बार उसके मुँह में पानी आ जाता था।आते-जाते वह ललचाई नज़रों से गुड़ की ओर देखता, फिर मनमसोसकर रह जाता।

आख़िरकार उसने हिम्मत की और घर जाकर माँ से कहा।माँ बैठी फटे कपड़े सिल रही थी।उसने आँख उठाकर कुछ देर दीन दृष्टि से उसकी ओर देखा, फिर ऊपर आसमान की ओर देखने लगी और बड़ी देर तक देखती रही।बोली कुछ नहीं।वह चुपचाप माँ के पास से चला गया।जब माँ के पास पैसे नहीं होते तो वह इसी तरह देखती थी।वह यह जानता था।

वह बहुत देर गुमसुम बैठा रहा, उसे अपने वे साथी याद आ रहे थे जो उसे चिढ़ा-चिढ़ाकर गुड़ खा रहे थे।ज्यों-ज्यों उसे उनकी याद आती, उसके भीतर गुड़ खाने की लालसा और तेज़ होती जाती।एकाध बार उसके मन में माँ के बटुए से पैसे चुराने का भी ख़याल आया।यह ख़याल आते ही वह अपने को धिक्कारने लगा और इस बुरे ख़याल के लिए ईश्वर से क्षमा माँगने लगा।

उसकी उम्र ग्यारह साल की थी।घर में माँ के सिवा कोई नहीं था।हालाँकि माँ कहती थी कि वे अकेले नहीं हैं, उनके साथ ईश्वर है।वह चूँकि माँ का कहना मानता था इसलिए उसकी यह बात भी मान लेता था।लेकिन ईश्वर के होने का उसे पता नहीं चलता था।माँ उसे तरह-तरह से ईश्वर के होने का यक़ीन दिलाती।जब वह बीमार होती, तकलीफ़ में कराहती तो ईश्वर का नाम लेती और जब अच्छी हो जाती तो ईश्वर को धन्यवाद देती।दोनों घण्टों आँख बन्द कर बैठते।बिना पूजा किए हुए वे खाना नहीं खाते।वह रोज़ सुबह-शाम अपनी छोटी-सी घण्टी लेकर, पालथी मारकर संध्या करता।उसे संध्या के सारे मंत्र याद थे, उस समय से ही जब उसकी ज़बान तोतली थी।अब तो वह साफ़ बोलने लगा था।

वे एक छोटे-से क़स्बे में रहते थे।माँ एक स्कूल में अध्यापिका थी।बचपन से ही वह ऐसी कहानियाँ माँ से सुनता था जिनमें यह बताया जाता था कि ईश्वर अपने भक्तों का कितना ख़याल रखते हैं।और हर बार ऐसी कहानी सुनकर वह ईश्वर का सच्चा भक्त बनने की इच्छा से भर जाता।दूसरे भी उसकी पीठ ठोंकते, और कहते, "बड़ा शरीफ़ लड़का है।ईश्वर उसकी मदद करेगा।" वह भी जानता था कि ईश्वर उसकी मदद करेगा।लेकिन कभी इसका कोई सबूत उसे नहीं मिला था।

उस दिन जब वह सफ़ेद गुड़ खाने के लिए बेचैन था तब उसे ईश्वर याद आया।उसने ख़ुद को धिक्कारा, उसे माँ से पैसे माँगकर माँ को दुखी नहीं करना चाहिए था।ईश्वर किस दिन के लिए है? ईश्वर का ख़याल आते ही वह ख़ुश हो गया।उसके अन्दर एक विचित्र-सा उत्साह भर आया, क्योंकि वह जानता था कि ईश्वर सबसे अधिक ताक़तवर है।वह सब जगह है और सब कुछ कर सकता है।ऐसा कुछ भी नहीं जो वह न कर सके।तो क्या वह थोड़ा-सा गुड़ नहीं दिला सकता? उसे जो कि बचपन से ही उसकी पूजा करता आ रहा है और जिसने कभी कोई बुरा काम नहीं किया।कभी चोरी नहीं की, किसी को सताया नहीं।उसने सोचा और इस भाव से भर उठा कि ईश्वर ज़रूर उसे गुड़ देगा।

वह तेज़ी-से उठा और घर के अकेले कोने में पूजा करने बैठ गया।तभी माँ ने आवाज़ दी, "बेटा, पूजा से उठने के बाद बाज़ार से नमक ले आना।"

उसे लगा जैसे ईश्वर ने उसकी पुकार सुन ली है।वरना पूजा पर बैठते ही माँ उसे बाज़ार जाने को क्यों कहती।उसने ध्यान लगाकर पूजा की, फिर पैसे और झोला लेकर बाज़ार की ओर चल दिया।

घर से निकलते ही उसे खेत पार करने पड़ते थे, फिर गाँव की गली जो ईंटों की बनी हुई थी, फिर बाज़ार की ओर चल दिया।

उस समय शाम हो गई थी।सूरज डूब रहा था।वह खेतों में चला जा रहा था, आँखें आधी बन्द किए, ईश्वर पर ध्यान लगाए और संध्या के मंत्रों को बार-बार दोहराते हुए।उसे याद नहीं उसने कितनी देर में खेत पार किए, लेकिन जब वह गाँव की ईंटों की गली में आया तब सूरज डूब चुका था और अँधेरा छाने लगा था।लोग अपने-अपने घरों में थे।धुआँ उठ रहा था।चौपाए खामोश खड़े थे।नीम सर्दी के दिन थे।

उसने पूरी आँख खोलकर बाहर का कुछ भी देखने की कोशिश नहीं की।वह अपने भीतर देख रहा था जहाँ अँधेरे में एक झिलमिलाता प्रकाश था।ईश्वर का प्रकाश और उस प्रकाश के आगे वह आँखें बन्द किए मंत्र पाठ कर रहा था।

अचानक उसे अज़ान की आवाज़ सुनाई दी।गाँव के सिरे पर एक छोटी-सी मस्ज़िद थी।उसने थोड़ी-सी आँखें खोलकर देखा।अँधेरा काफ़ी गाढ़ा हो गया था।मस्ज़िद के एक कमरे बराबर दालान में लोग नमाज़ के लिए इकट्ठे होने लगे थे।उसके भीतर एक लहर-सी आई।उसके पैर ठिठक गए।आँखें पूरी बन्द हो गईं।वह मन-ही-मन कह उठा, "ईश्वर यदि तुम हो और सच्चे मन से तुम्हारी पूजा की है तो मुझे पैसे दो, यहीं इसी वक़्त।"

वह वहीं गली में बैठ गया।उसने ज़मीन पर हाथ रखा।जमीन ठण्डी थी।हाथों के नीचे कुछ चिकना-सा महसूस हुआ।उल्लास की बिजली-सी उसके शरीर में दौड़ गई।उसने आँखें खोलकर देखा।अँधेरे में उसकी हथेली में अठन्नी दमक रही थी।वह मन-ही-मन ईश्वर के चरणों में लोट गया।ख़ुशी के समुद्र में झूलने लगा।उसने उस अठन्नी को बार-बार निहारा, चूमा, माथे से लगाया।क्योंकि वह एक अठन्नी ही नहीं थी, उस गरीब पर ईश्वर की कृपा थी।उसकी सारी पूजा और सच्चाई का ईश्वर की ओर से इनाम था।ईश्वर ज़रूर है, उसका मन चिल्लाने लगा।भगवान मैं तुम्हारा बहुत छोटा-सा सेवक हूँ।मैं सारा जीवन तुम्हारी भक्ति करूँगा।मुझे कभी मत बिसराना।उलटे-सीधे शब्दों में उसने मन-ही-मन कहा और बाज़ार की तरफ दौड़ पड़ा।अठन्नी उसने ज़ोर से हथेली में दबा रखी थी।

जब वह दुकान पर पहुँचा तो लालटेन जल चुकी थी।पंसारी उसके सामने हाथ जोड़े बैठा था।थोड़ी देर में उसने आँख खोली और पूछा, "क्या चाहिए?"

उसने हथेली में चमकती अठन्नी देखी और बोला, "आठ आने का सफेद गुड़।"

यह कहकर उसने गर्व से अठन्नी पंसारी की तरफ गद्दी पर फेंकी।पर यह गद्दी पर न गिर उसके सामने रखे धनिए के डिब्बे में गिर गई।पंसारी ने उसे डिब्बे में टटोला पर उसमें अठन्नी नहीं मिली।एक छोटा-सा खपड़ा (चिकना पत्थर) ज़रूर था, जिसे पंसारी ने निकालकर फेंक दिया।

उसका चेहरा एकदम से काला पड़ गया।सिर घूम गया।जैसे शरीर का ख़ून निकल गया हो।आँखें छलछला आईं।

"कहाँ गई अठन्नी!" पंसारी ने भी हैरत से कहा।

उसे लगा जैसे वह रो पड़ेगा।देखते-देखते सबसे ताक़तवर ईश्वर की उसके सामने मौत हो गई थी।उसने मरे हाथों से ज़ेब से पैसे निकाले, नमक लिया और जाने लगा।

दुकानदार ने उसे उदास देखकर कहा, "गुड़ ले लो, पैसे फिर आ जाएँगे।" "नहीं," उसने कहा और रो पड़ा।

"अच्छा पैसे मत देना।मेरी ओर से थोड़ा-सा गुड़ ले लो," दुकानदार ने प्यार से कहा और एक टुकड़ा तोड़कर उसे देने लगा।उसने मुँह फिरा लिया और चल दिया।उसने ईश्वर से माँगा था, दुकानदार से नहीं।दूसरों की दया उसे नहीं चाहिए।

लेकिन अब वह ईश्वर से कुछ नहीं माँगता।

## लघु कथा

# कश्मीरी सेब



कल शाम को चौक में दो-चार ज़रूरी चीज़ें ख़रीदने गया था। पंजाबी मेवाफ़रोशों की दूकानें रास्ते ही में पड़ती हैं। एक दूकान पर बहुत अच्छे रंगदार,गुलाबी सेब सजे हुए नज़र आये। जी ललचा उठा। आजकल शिक्षित समाज में विटामिन और प्रोटीन के शब्दों में विचार करने की प्रवृत्ति हो गई है। टमाटो को पहले कोई सेंत में भी न पूछता था। अब टमाटो भोजन का आवश्यक अंग बन गया है। गाजर भी पहले ग़रीबों के पेट भरने की चीज थी। अमीर लोग तो उसका हलवा ही खाते थे; मगर अब पता चला है कि गाजर में भी बहुत विटामिन हैं, इसलिए गाजर को भी मेज़ों पर स्थान मिलने लगा है। और सेब के विषय में तो यह कहा जाने लगा है कि एक सेब रोज खाइए तो आपको डाक्टरों की ज़रूरत न रहेगी। डाक्टर से बचने के लिए हम निमकौड़ी तक खाने को तैयार हो सकते हैं। सेब तो रस और स्वाद में अगर आम से बढक़र नहीं है तो घटकर भी नहीं। हां, बनारस के लंगड़े और लखनऊ के दसहरी और बम्बई के अल्फ़ांसो की बात दूसरी है। उनके टक्कर का फल तो संसार में दूसरा नहीं है मगर; मगर उनमें विटामिन और प्रोटीन है या नहीं, है तो काफ़ी है या नहीं, इन विषयों पर अभी किसी पश्चिमी डाक्टर की व्यवस्था देखने में नहीं आयी। सेब को यह व्यवस्था मिल चुकी है। अब वह केवल स्वाद की चीज़ नहीं है, उसमें गुण भी है। हमने दूकानदार से मोल-भाव किया और आध सेर सेब मांगे।

दुकानदार ने कहा-बाबूजी बड़े मज़ेदार सेब आये हैं, ख़ास कश्मीर के। आप ले जाएं, खाकर तबीयत खुश हो जाएगी।

मैंने रूमाल निकालकर उसे देते हुए कहा-चुन-चुनकर रखना।

दूकानदार ने तराजू उठाई और अपने नौकर से बोला-लौंडे आध सेर कश्मीरी सेब निकाल ला। चुनकर लाना।

लौंडा चार सेब लाया। दूकानदार ने तौला, एक लिफ़ाफे में उन्हें रखा और रूमाल में बांधकर मुझे दे दिया। मैंने चार आने उसके हाथ में रखे।

घर आकर लिफ़ाफा ज्यों-का-त्यों रख दिया। रात को सेब या कोई दूसरा फल खाने का क़ायदा नहीं है। फल खाने का समय तो प्रातःकाल है। आज सुबह मुंह-हाथ धोकर जो नाश्ता करने के लिए एक सेब निकाला, तो सड़ा हुआ था। एक रुपये के आकार का छिलका गल गया था। समझा, रात को दूकानदार ने देखा न होगा। दूसरा निकाला। मगर यह आधा सड़ा हुआ था। अब सन्देह हुआ, दुकानदार ने मुझे धोखा तो नहीं दिया है। तीसरा सेब निकाला। यह सड़ा तो न था; मगर एक तरफ़ दबकर बिल्कुल पिचक गया। चौथा देखा। वह यों तो बेदाग़ था; मगर उसमें एक काला सूराख था जैसा अक्सर बेरों में होता है। काटा तो भीतर वैसे ही धब्बे, जैसे किड़हे बेर में होते हैं। एक सेब भी खाने लायक नहीं। चार आने पैसों का इतना ग़म न हुआ जितना समाज के इस चारित्रिक पतन का। दूकानदार ने जान-बूझकर मेरे साथ धोखेबाज़ी का व्यवहार किया। एक सेब सड़ा हुआ होता, तो मैं उसको क्षमा के योग्य समझता। सोचता, उसकी निगाह न पड़ी होगी। मगर चार-के-चारों ख़राब निकल जाएं, यह तो साफ़ धोखा है। मगर इस धोखे में मेरा भी सहयोग था। मेरा उसके हाथ में रूमाल रख देना मानो उसे धोखा देने की प्रेरणा थी। उसने भाप लिया कि महाशय अपनी आंखों से काम लेने वाले जीव नहीं हैं और न इतने चौकस हैं कि घर से लौटाने आएं। आदमी बेइमानी तभी करता जब उसे अवसर मिलता है। बेइमानी का अवसर देना, चाहे वह अपने ढीलेपन से हो या सहज विश्वास से, बेइमानी में सहयोग देना है। पढ़े-लिखे बाबुओं और कर्मचारियों पर तो अब कोई विश्वास नहीं करता। किसी थाने या कचहरी या म्यूनिसिपिलटी में चले जाइए, आपकी ऐसी दुर्गति होगी कि आप बड़ी-से-बड़ी हानि उठाकर भी उधर न जाएंगे।

व्यापारियों की साख अभी तक बनी हुई थी। यों तौल में चाहे छटांक-आध-छटांक कस लें; लेकिन आप उन्हें पांच की जगह भूल से दस के नोट दे आते थे तो आपको घबड़ाने की कोई ज़रूरत न थी। आपके रुपये सुरक्षित थे। मुझे याद है, एक बार मैंने मुहर्रम के मेले में एक खोंचे वाले से एक पैसे की रेवड़ियां ली थीं और पैसे की जगह अठन्नी दे आया था। घर आकर जब अपनी भूल मालूम हुई तो खोंचे वाले के पास दौड़े गये। आशा नहीं थी कि वह अठन्नी लौटाएगा, लेकिन उसने प्रसन्नचित्त से अठन्नी लौटा दी और उलटे मुझसे क्षमा मांगी। और यहां कश्मीरी सेब के नाम से सड़े हुए सेब बेचे जाते हैं? मुझे आशा है, पाठक बाज़ार में जाकर मेरी तरह आंखे न बन्द कर लिया करेंगे। नहीं उन्हें भी कश्मीरी सेब ही मिलेंगे ?



मुंशी प्रेमचंद

## गजल

### याद



नासिर काज़मी

दिल धड़कने का सबब याद आया
वो तिरी याद थी अब याद आया

आज मुश्किल था सँभलना ऐ दोस्त
तू मुसीबत में अजब याद आया

दिन गुज़ारा था बड़ी मुश्किल से
फिर तिरा वादा-ए-शब याद आया

तेरा भूला हुआ पैमान-ए-वफ़ा
मर रहेंगे अगर अब याद आया

फिर कई लोग नज़र से गुज़रे
फिर कोई शहर-ए-तरब याद आया

हाल-ए-दिल हम भी सुनाते लेकिन
जब वो रुख़्सत हुआ तब याद आया

बैठ कर साया-ए-गुल में 'नासिर'
हम बहुत रोए वो जब याद आया

## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** — रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। पठन-पाठन व लेखन आदि में मन लगेगा। पार्टी व पिकनिक का आनंद प्राप्त हो सकता है। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**वृष** — सामाजिक कार्यों में रुचि रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। निवेश लाभदायक रहेगा। बाहर जाने का मन बनेगा।

**मिथुन** — अपेक्षित कार्यों में बाधा होगी। किसी अपरिचित पर अतिविश्वास हानि का कारण बनेगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। आय में निश्चितता रहेगी। शोक समाचार मिल सकता है। पुराना रोग परेशानी का कारण रहेगा।

**कर्क** — अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। कीमती वस्तुएं गुम हो सकती हैं। जल्दबाजी व लापरवाही न करें। लाभ में कमी रहेगी। फालतू खर्च पर नियंत्रण रखें। कर्ज लेना पड़ सकता है।

**सिंह** — रुका हुआ धन प्राप्त होने की संभावना है। यात्रा लाभदायक रहेगी। आय में वृद्धि होगी। भाइयों का सहयोग आत्मशांति देगा। शत्रु पस्त होंगे। नौकरी में अधिकारी आप पर ध्यान देंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** — प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कानूनी अड़चन दूर होगी। व्यवसाय लाभदायक रहेगा। वरिष्ठजनों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। भाग्य अनुकूल है। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। व्यस्तता रहेगी।

**तुला** — चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। जल्दबाजी न करें। जीवनसाथी से तनाव रह सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें। किसी अन्य व्यक्ति के उकसावे में न आएं। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। झंझटों से दूर रहें।

**वृश्चिक** — परिवार में कोई मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। प्रमाद न करें। तीर्थदर्शन सुलभ हो सकते हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। नौकरी में तनाव रहेगा। कार्यभार बढ़ सकता है।

**धनु** — कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। व्यापार वृद्धि के लिए योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं मिलेगा। नए अनुबंध हो सकते हैं। लाभ में वृद्धि होगी। मान-सम्मान मिलेगा। किसी जरूरतमंद व्यक्ति की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा।

**मकर** — भेंट व उपहार की प्राप्ति से मान बढ़ेगा। बेरोजगारी दूर होने के योग हैं। यात्रा लाभदायक रहेगी। शेयर मार्केट से लाभ होगा। जल्दबाजी न करें। प्रतिद्वंद्वी सक्रिय रहेंगे। समय की अनुकूलता का लाभ लें। बड़ा काम करने का मन बनेगा। भाग्य का साथ मिलता रहेगा।

**कुंभ** — संपत्ति के कार्य लाभप्रद रहेंगे। कोई बड़ा कार्य हो सकता है। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाइयों से सहयोग प्राप्त होगा। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। लापरवाही से कोई भी कार्य न करें।

**मीन** — भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। कार्यों में गति आएगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में वृद्धि होगी। निवेश शुभ रहेगा।

# लग्नेश का अलग-अलग भाव में फल




(1) लग्नेश लग्न में स्थित हो तो बहुत अच्छा होता है आप अपने जीवन में स्वयं से आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए, आपको किसी के मदद की विशेष जरूरत नहीं होती है।

(2) लग्नेश द्वितीय स्थान में स्थित हो तो आपको अपने परिवार व कुटुंब की मदद व सलाह लेनी चाहिए तथा आपको अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए अपनी वाणी व धन का उचित उपयोग करना चाहिए।

(3) लग्नेश तृतीय भाव में होने पर जीवन में आगे बढ़ने के लिए पराक्रम करना बहुत जरूरी होता है और इस पराक्रम में अपने से अनुज लोगों का सहयोग लेना चाहिए।

(4) लग्नेश चतुर्थ भावस्थ हो तो माता का सहयोग व उनकी सलाह लेनी चाहिए।



प्रियंका जैन
9769994439

(5) लग्नेश पंचम भाव में हो तो संतान को अपना सहयोगी बना लेना चाहिए तथा अपने बुद्धि विवेक का उचित प्रयोग करना चाहिए।

(6) लग्नेश छठे स्थित हो तो अपने ननिहाल पक्ष से सहयोग लेना चाहिए और अपने परिश्रम करने पर विशेष ध्यान देना चाहिए, यहीं से आपकी उन्नति का मार्ग खुलेगा।

## खबर संक्षेप

### हाथरस जाएंगे राहुल गांधी

**हाथरस:** सांसद राहुल गांधी हाथरस हादसे के पीड़ितों से मिलेंगे।कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने ये जानकारी दी है।उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि राहुल गांधी जल्द ही वहां जाएंगे और प्रभावित लोगों से बातचीत करेंगे।उन्होंने कहा कि हाथरस में हुई भगदड़ दुर्भाग्यपूर्ण घटना थी।

### सीएम योगी ने लगाया लाल चंदन का पौधा

**लखनऊ:** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने आवास पर लाल चंदन का पौधा रोपा।सीएम ने लोगों से 20 जुलाई को मां के नाम एक पौधा लगाने की अपील इस मौके पर की।उन्होंने कहा कि प्रदेश की आबादी के अनुसार हर व्यक्ति 'वृक्षारोपण महाभियान' का हिस्सा बने और एक पौधा अवश्य लगाए।इसके लिए प्रदेश की नर्सरियों में 54 करोड़ पौधे भी तैयार किए हैं।इनमें पर्यावरण के लिए उपयोगी हर प्रकार के पौधे पीपल, पाकड़, नीम, देशी आम, जामुन, अमरूद, शीशम, सागौन आदि हैं।

### नाबालिग भगिनी के साथ दुष्कर्म मामले में बचाव पक्ष की ओर से बहस पूरी

**जमशेदपुर।** पॉक्सो विशेष कोर्ट में बुधवार को सिदगोड़ा थाना में दर्ज बारीडीह क्वार्टर में रहने वाले मामा के द्वारा नाबालिग भगिनी के साथ दुष्कर्म के केस में बचाव पक्ष की ओर से बहस पूरी हुई।कोर्ट में आरोपी मामा की वीडियो कॉन्फ्रेसिंग से पेशी हुई थी।पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक यह घटना दो साल पहले 14 अप्रैल 2022 को सिदगोड़ा थाना में पॉक्सो धारा लगाकर आरोपी मामा के खिलाफ केस दर्ज हुआ था।

### फर्जी बैंककर्मी बनकर वृद्ध महिला का दो तोला सोने के टॉप्स लेकर फरार

**दौसा.** यहां महुवा के अस्पताल रोड स्थित स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया की शाखा में एक अज्ञात बदमाश फर्जी बैंक कर्मी बनकर पेंशन लेने आई वृद्ध महिला को झांसा देकर दो तोले सोने के टॉप्स लेकर फरार हो गया। घटना का खुलासा पीड़ित महिला के बेटे के वापस बैंक पहुंचने पर हुआ। घटना को लेकर पीड़िता के बेटे महेंद्र सिंह धाकड़ ने महुवा थाने में शिकायत दी है। इसमें बताया कि उनकी मां गोमती देवी अपनी वृद्धावस्था पेंशन के पैसे लेने छोटे भाई राजेश धाकड़ के साथ एसबीआई बैंक की शाखा में गई थी। इस दौरान नीचे ईमित्र पर किसी कारण से पेंशन के रुपए नहीं निकले तो मां को ईमित्र पर ही छोड़कर राजेश धाकड़ फोटो बनवाने के लिए बाजार चला गया।

# जोधपुर शहर को आखिरकार किसकी लगी नजर, लगातार हो रहे हैं मर्डर

## चर्चाओं में रहा था अनामिका हत्याकांड

एजेंसी । जोधपुर

राजस्थान के जोधपुर शहर को बेहद शांत माना जाता है, लेकिन लगता है कि अब इस शहर की शांति को किसी की नजर लग गई है। दरअसल शहर में अपराध तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। मामूली सी बात पर जोधपुर में मर्डर हो रहे हैं। लगातार बढ़ रहे मर्डर और आपराधिक घटनाओं से जनता में भय का माहौल है। इस साल जुलाई तक ही शहर में मर्डर के कई मामले सामने आए, जिससे जनता के भी होश उड़ गए।



### ट्रिपल मर्डर से मची सनसनी

जोधपुर में बुधवार को हुए ट्रिपल मर्डर से सनसनी मच गई। बनाड़ थानान्तर्गत नांदड़ा खुर्द गांव के मकान में भंवरीदेवी व दोहितियां भावना व लक्षिता की निर्मम हत्या कर दी गई। पुलिस का कहना है कि दोपहर में हत्यारा मकान में घुसा होगा और विवाद के बाद उसने कुल्हाड़ी से वृद्धा के सिर व गर्दन पर वार कर दिए। बेटी संतोष बीच बचाव में आई तो हत्यारे ने उस पर भी वार कर दिया, जिससे कुल्हाड़ी संतोष के सिर में ही फंस गई। यह देख उसकी बेटियां रोने-चीखने लगी तो हत्यारे ने दोनों को बाहर टांके में डाल दिया, जिससे दोनों की भी मौत हो गई।

### पत्थर काटने की मशीन से महिला की हत्या

जुलाई महीने में लोहावट थानातंर्गत विष्णुनगर में विवाहिता की पत्थर काटने की मशीन से गला काटकर हत्या ने सनसनी मचा दी। परिजनों ने हत्या का मामला दर्ज कराया है। परिजनों ने कहा कि जब वे घर पहुंच तो लक्ष्मी चौक में पड़ी थी। गला आधे से ज्यादा कटा हुआ था। घर में रखे कटर पर खून लगा हुआ था। इस मकान का निर्माण कार्य भी पूर्ण नहीं हुआ है।

### महिला का कटा सिर और हाथ मिला

जून महीने में जोधपुर शहर में एक महिला का कटा सिर और दो हाथ मिले थे। हालांकि महिला की हत्या बीकानेर में की गई थी, लेकिन आरोपियों ने पहचान छुपाने के लिए शव के टुकड़े किए और सिर-हाथ को जोधपुर में फेंक दिया। आरोपियों के खुलासे के बाद बीकानेर पुलिस जोधपुर पहुंची। आरोपियों ने बताया था कि उन्होंने प्लास्टिक के कट्टे को सांसी बस्ती के पास नाले में फेंक दिया था। इस बाद बीकानेर पुलिस ने जोधपुर नगर निगम की मदद से नाले में तलाशी अभियान चलाया।

### बहू के प्रेमी ने की हत्या

बोरानाडा क्षेत्र में मार्च महीने एक 60 साल की बुजुर्ग महिला की हत्या कर दी गई थी। दरअसल ये हत्या अवैध संबंधों को लेकर की गई थी। घर की बहू का फैक्ट्री में साथ काम करने वाले राहुल जांगिड़ प्रेम संबंध चल रहा था। जब इसका पता सास को लगा तो घर में क्लेश शुरू हो गया। इसके बाद राहुल ने सास को रास्ते से हटाने के लिए मौत के घाट उतार दिया।

### चोर समझकर ट्रैक्सी ड्राइवर की हत्या

अप्रेल महीने में जोधपुर के लूणी थाना क्षेत्र के सजाड़ा में तीन लोगों ने ऑटो ड्राइवर की पत्थरों से कुचल कर हत्या कर दी थी। दरअसल आरोपियों ने उसे चोर समझ लिया। इस पर उसका पीछा किया और पत्थर से हमला कर उसकी हत्या कर दी।

# कोल इंडिया के 58736 आवासों पर अवैध कब्जा

एजेंसी । धनबाद

कोल इंडिया व अनुषंगी कोल कंपनियों के 58736 आवासों पर गैरकर्मियों यानी बाहरी लोगों का कब्जा है।जबकि 14575 आवासों पर रिटायर कोल कर्मचारियों ने कब्जा कर लिया है।यह खुलासा कंपनी की एक रिपोर्ट में हुआ है।कोल इंडिया से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक सबसे अधिक अवैध कब्जा कोल इंडिया की सहायक कंपनी सीसीएल के आवासों पर है।इसमें 19591 आवासों पर ग़ैर कर्मी व 2618 आवासों पर रिटायर कोल कर्मियों का कब्जा है।वहीं बीसीसीएल के 8403 आवासों पर सिर्फ बाहरी लोगों का कब्जा है।रिपोर्ट में बीसीसीएल के आवासों पर कितने रिटायर कोल कर्मियों का कब्जा है, इसका जिक्र नहीं है।जबकि जानकार बताते हैं कि बीसीसीएल में रिटायर कर्मियों द्वारा कब्जा किए आवासों की तादाद अच्छी खासी है।



### इसीएल के 15498 आवासों पर बाहरी का कब्जा

इसीएल के करीब 15498 आवासों पर बाहरी व 1504 आवासों पर रिटायर कोल कर्मियों का कब्जा है।इसी तरह एमसीएल में बाहरी लोगों का 1384 व सेवानिवृत्त कर्मचारियों का 287, एनसीएल में बाहरी का 160 व सेवानिवृत्त कर्मियों का 130, एसइसीएल में बाहरी का 9056 व सेवानिवृत्त कर्मियों का 4162, सीएमपीडीआई में बाहरी का 11 व एनइसी के 17 आवासों पर कंपनी के सेवानिवृत्त कर्मियों का कब्जा है।कोल इंडिया मुख्यालय के एक भी आवास पर कब्जा नहीं : कोल इंडिया मुख्यालय कोलकाता की बात करे तो कंपनी के एक भी आवास पर किसी का कोई कब्जा नहीं है।कोल इंडिया के आंकड़ों के मुताबिक कोल कंपनियों ने आधिकारिक रूप से अन्य को कुल 8349 आवास आवंटित किये हैं।बता दें कि लंबे समय से रिटायर्ड कोल कर्मियों को कोल कंपनियों से सरप्लस आवास लीज या किराए पर देने की मांग होती रहती है।इस आलोक में कोल इंडिया प्रबंधन ने एक समिति बनायी है।इसकी बैठक पिछले महीने हुई थी।इसमें प्रबंधन द्वारा पेश किये गये आंकड़ों पर यूनियनों द्वारा आपत्ति जताने के बाद प्रबंधन ने अगली मीटिंग में तथ्यात्मक आंकड़े प्रस्तुत करने की बात कही है।सूचना के मुताबिक सेवानिवृत्त कर्मचारियों को आवास आवंटित को गठित कमेटी की दूसरी बैठक इसी माह होने की संभावना है।

# पटना जंक्शन के पास दुर्घटनाग्रस्त होने से बची पूर्णिया-हटिया एक्सप्रेस

एजेंसी । पटना

पटना जंक्शन के पास पूर्णिया-हटिया एक्सप्रेस ट्रेन दुर्घटनाग्रस्त होने से बाल-बाल बच गयी।घटना सुबह करीब 10 बजे की है।चिरैयाटांड़ पुल के पास आउटर के पास तेज आवाज के साथ झटका खाते हुए ट्रेन रुक गयी।इससे यात्रियों में भगदड़ मच गयी और एक-दूसरे पर कूदते हुए ट्रैक से दूर भागने लगे।घटना के बाद लोको पायलट भी इंजन से उतरकर बोगियों को चेक करने लगे।लोको पायलट की मानें, तो दो बोगियों के बीच की कपलिंग टूट गयी थी। इससे बफर भी फंस गया था।

### दानापुर मुख्यालय से मौके पर पहुंचे अधिकारी :



घटना के बाद पटना जंक्शन पर तैनात तमाम सुरक्षा अधिकारी और स्टेशन प्रबंधक से लेकर पूरी टीम वहां पहुंची।टीम ने हादसे की जानकारी तत्काल स्टेशन निदेशक और दानापुर कंट्रोल को दी।इसके बाद दानापुर मंडल मुख्यालय से भी कई बड़े अधिकारी जंक्शन पहुंचे।करीब 1:30 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बफर व कपलिंग को ठीक कर इसे पटना जंक्शन के 10 नंबर प्लेटफॉर्म पर लाया गया।इसके बाद संबंधित समस्या को पूरी तरह से ठीक किया गया।इस ट्रेन को लगभग 12:35 बजे हटिया के लिए रवाना किया गया।

### डीआरएम ने जांच टीम बनायी :

दानापुर के डीआरएम जयंत कुमार चौधरी ने इस मामले की जांच के लिए टीम बना कर तत्काल इसकी संयुक्त रिपोर्ट देने को कहा।टीम में परिचालन व सुरक्षा और संरक्षा से जुड़े अधिकारियों को शामिल किया गया है।हालांकि, देर रात तक इसकी रिपोर्ट नहीं आयी थी।

# भव्य और दिव्य महाकुंभ के लिए संगमनगरी का होगा कायाकल्प

## स्ट्रीट आर्ट और थीमैटिक गेट बढ़ाएंगे शहर की खूबसूरती

एजेंसी । प्रयागराज

संगमनगरी प्रयागराज में अगले वर्ष की शुरुआत में होने जा रहे महाआयोजन महाकुंभ 2025 को योगी सरकार भव्य और दिव्य बनाने के लिए जोरदार तैयारियों में जुटी है। योगी सरकार महाकुंभ में सुरक्षा, सुविधा और स्वच्छता के साथ-साथ महाकुंभ की सुंदरता को लेकर भी मिशन मोड में कार्य कर रही है। इस क्रम में महाकुंभ से पहले ही प्रयागराज को दुल्हन की तरह सजा दिया जाएगा। योगी सरकार की पूरे शहरी इलाके के सौंदर्यीकरण की योजना है, जिस पर कार्य भी शुरू हो चुका है। अयोध्या में रामलला के नव विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान जिस तरह की साज सज्जा की गई थी, उसी तरह प्रयागराज का कायाकल्प किया जाएगा। जगह-जगह ग्रीन बेल्ट, हार्टिकल्चर, थीमैटिक डेवलपमेंट समेत सैकड़ों स्तंभ स्थापित किए जाएंगे। महाकुंभ के आयोजन के दौरान जब श्रद्धालु संगमनगरी पहुंचेंगे तो यहां की आभा देखकर न सिर्फ दंग रह जाएंगे, बल्कि पूरी तरह धार्मिक आस्था के रंग में सराबोर हो जाएंगे।

### सीएम योगी ने दिए थे निर्देश



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में प्रयागराज महाकुंभ की तैयारियों की समीक्षा करते हुए इसके प्रबंधन से जुड़े विभिन्न विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे। उन्होंने महाकुंभ को स्वच्छता, सुविधा और सुरक्षा का मानक आयोजन बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने को कहा था। मुख्यमंत्री के अनुसार, महाकुंभ 2025 पूरे विश्व को सनातन भारतीय संस्कृति से साक्षात्कार कराने का सुअवसर है। यह न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि भारत की ग्लोबल ब्रांडिंग का माध्यम बनेगा। हमें इसके सफल आयोजन के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि महाकुंभ भारत की प्राचीन संस्कृति का परिचायक है। इसकी गरिमा के अनुरूप पूरे नगर को सजाया जाना चाहिए।

## ट्रक के नीचे स्कूटी आने से पत्नी, साली और बेटी की मौत

एजेंसी । किशनगंज

बिहार के किशनगंज जिले में गुरुवार को दर्दनाक सड़क हादसे में एक महिला, उसकी बहन और एक साल की बेटी की मौत हो गई। हादसा अरराबारी थाना इलाके के धोमनियां में हुआ। एक स्कूटी अनियंत्रित होकर ओवरलोडेड ट्रक के नीचे आ गई। स्कूटी पर कुल चार लोग सवार थे। इनमें से तीन की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक बच्ची के पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी हालत नाजुक है। जानकारी के मुताबिक सिंहिया कुलमनी निवासी नूर जमाल (23) अपनी पत्नी नाहिदा बेगम (25) साली सबीनाज (21) और एक साल की बच्ची के साथ स्कूटी पर सवार होकर किसी रिश्तेदार के यहां जा रहे थे। तभी धुमनियां के पास उनकी स्कूटी अनियंत्रित होकर ट्रक के नीचे आ गई।

## व्यापार जगत

# छोटे शहरों में घरों की बिक्री ने पकड़ी तेज रफ्तार

एजेंसी । नई दिल्ली

देशभर के टियर-2 शहरों में संपत्ति बाजार में बिक्री और मूल्य वृद्धि लंबे समय से धीमी रही है, लेकिन बीते साल में आवासों की बिक्री और कीमतों दोनों में अच्छा-खासा बदलाव देखा गया। हालांकि इन शहरों में संपत्ति की बिक्री की मात्रा टियर-1 बाजारों की तुलना में बहुत कम है, परंतु यहां विकास की गति काफी तेज रफ्तार पकड़ चुकी है।



### छोटे संपत्ति बाजारों का प्रदर्शन बेहतर

यह बात पूरी तरह से सही है कि बेहतर गुणवत्ता वाले घरों की अधिक मांग के कारण वित्त वर्ष 2024 में टियर-2 शहरों में आवासीय संपत्ति की बिक्री में अधिक वृद्धि देखी गई। कंसल्टेंसी फर्म लियासेस फोरास के अनुसार, पिछले वित्तीय वर्ष में कम से कम 52 छोटे शहरों की बिक्री में 26% की वृद्धि हुई, जबकि शीर्ष आठ शहरों में 21% की वृद्धि हुई। आमतौर पर इन बाजारों में संपत्ति की कीमतें भी कम होती हैं। इनमें बिक्री में वृद्धि के साथ, संपत्ति की कीमतों में इजाफा हुआ है। यहां तक कि कई टियर-2 शहरों में कीमतें दोहरे अंक में बढ़ी हैं। तुलनात्मक रूप से, महानगरों में से केवल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में ही दोहरे अंक में मूल्य वृद्धि देखी गई है। पिछले साल छोटे शहरों में बिना बिके आवास स्टॉक में भी 20% की गिरावट आई है।

### उछाल के पीछे खास कारण

वैसे तो आवासों की मांग में तेजी ने महानगरों पर ध्यान केंद्रित किया है, लेकिन इससे छोटे रियल एस्टेट बाजारों को भी मदद मिली है। प्रमुख कारकों में सस्ते आवास, हवाई अड्डों और मेट्रो रेल सहित बेहतर बुनियादी ढांचा, वेयरहाउसिंग, खुदरा निवेश के साथ बुनियादी ढांचे पर बढ़ता सरकारी शर्च शामिल हैं। कोराना के झटके से उबर चुके संपत्ति निवेशक धीरे-धीरे छोटे शहरों पर दांव लगा रहे हैं। इस वजह से कीमतों में उछाल आया है। संपत्ति सलाहकार सेविल्स इंडिया की एक हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि उच्च नेटवर्थ वाले व्यक्तियों के बढ़ते निवेश के कारण गोवा में किराये से होने वाली आय में वृद्धि कुछ अन्य शीर्ष शहरों की तुलना में अधिक है।

### कहां और क्यों बढ़ रही कीमतें ?

अनिवासी भारतीय (एनआरआई) और उच्च नेटवर्थ वाले निवेशकों दोनों की रुचि के कारण लुधियाना में सबसे तेज वृद्धि देखी गई है। ये दोनों निवेशक कुछ उत्तर भारतीय बाजारों में लौट रहे हैं। कानपुर, लखनऊ, देहरादून और जयपुर में कीमतों में वृद्धि उच्च मांग और अपेक्षाकृत कम आवास आपूर्ति के कारण है। इन शहरों में प्लॉट वाली परियोजनाओं वाले कुछ टियर-1 बिल्डरों के प्रवेश से भी इन क्षेत्रों को मदद मिली है।

# सेंसेक्स ने 80,392 और निफ्टी ने 24,401 का बनाया हाई

### IT और बैंकिंग शेयर्स में तेजी

एजेंसी । मुंबई

शेयर बाजार ने 4 जुलाई को लगातार तीसरे दिन ऑल टाइम हाई बनाया। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 80,392 और निफ्टी ने 24,401 का लेवल छुआ। हालांकि इसके बाद इसमें गिरावट देखने को मिली और सेंसेक्स 62 अंक की बढ़त के साथ 80,049 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 15 अंक की तेजी रही। ये 24,302 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 15 में तेजी और 15 में ही गिरावट देखने को मिली है। IT, बैंकिंग और पावर शेयर्स में ज्यादा तेजी रही। NSE के सेक्टोरियल इंडेक्स में फार्मा इंडेक्स में सबसे ज्यादा 1.39% की तेजी रही। इसके अलावा हेल्थ केयर में 1.28%, निफ्टी IT में 1.10% और ऑटो में 0.73% की बढ़त रही। वहीं निफ्टी मीडिया, मेटल, FMCG, फाइनेंशियल सर्विसेज और ऑयल एंड गैस में गिरावट देखने को मिली है।

### 7 महीने में 70 हजार से 80 हजार पर पहुंचा सेंसेक्स



3 जुलाई को सेंसेक्स पहली बार 80 हजार के पार निकला था। सेंसेक्स को 70 हजार से 80 हजार तक पहुंचने में 7 महीने लगे हैं। 11 दिसंबर 2023 को सेंसेक्स 70 हजार पर था, जो अब, यानी 3 जुलाई को 80 हजार पर पहुंच गया है। वहीं, सेंसेक्स 60 हजार से 70 हजार पर पहुंचने में 2 साल से ज्यादा लगे थे। इस साल इस साल अब तक सेंसेक्स में 10% और बीते 1 साल में 22% की तेजी देखने को मिली है।

### एशियाई बाजार में तेजी

- एशियाई बाजारों में बढ़त देखने को मिली है। जापान के निक्केई में 0.82% की तेजी रही। हैंगसेंग 0.28% ऊपर बंद हुआ। हालांकि, शंघाई कंपोजिट में 0.83% की गिरावट रही।
- ICICI, इंफोसिस, TCS और HCL टेक के शेयरों में खरीदारी से सेंसेक्स में तेजी रही। वहीं, HDFC बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, बजाज फाइनेंस और अल्ट्राटेक सीमेंट ने बाजार को नीचे खींचा।
- बुधवार को अमेरिकी बाजार में बढ़त रही। डाओ जोंस 23.85 (0.06%) अंक चढ़कर 39,308 पर बंद हुआ। NASDAQ 159.54 (0.88%) अंक चढ़कर 18,188 पर बंद हुआ।

# ओरिएंट सीमेंट खरीद सकती है अल्ट्राटेक

- दोनों कंपनियों के बीच अंतिम दौर की बातचीत
- इंडिया सीमेंट्स में भी हिस्सेदारी खरीद रही अल्ट्राटेक

एजेंसी । मुंबई

सीमेंट बिजनेस में अडाणी को टक्कर देने के लिए कुमार मंगलम बिड़ला की कंपनी अल्ट्राटेक की नजर ओरिएंट सीमेंट लिमिटेड पर है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बिड़ला ओरिएंट सीमेंट को खरीदने के लिए कंपनी के प्रमोटर सीके बिड़ला के साथ अंतिम दौर की बातचीत कर रहे हैं। ओरिएंट को खरीदने के कुमार बिड़ला के नए प्रयासों को दक्षिणी और पश्चिमी बाजारों, खासकर महाराष्ट्र और तेलंगाना में अल्ट्राटेक की स्थिति को मजबूत करने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। इससे पहले पिछले साल ओरिएंट सीमेंट को खरीदने के लिए इन दोनों कंपनियों के बीच चर्चा हुई थी, लेकिन बात फाइनल नहीं हुई थी।

### पिछले हफ्ते इंडिया सीमेंट्स को खरीदने के लिए अल्ट्राटेक के बोर्ड ने दी थी मंजूरी




पिछले हफ्ते 27 जून को अल्ट्राटेक सीमेंट के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने इंडिया सीमेंट्स में 23% की इक्विटी हिस्सेदारी के अधिग्रहण की मंजूरी दी थी। कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग में इसके बारे में जानकारी दी थी। अल्ट्राटेक ने कहा था कि अधिग्रहण पूरा होने की सांकेतिक समय अवधि एक महीने है।

### अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर में 0.86% की गिरावट रही

अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर में आज 0.86% की गिरावट देखने को मिली। पिछले 5 दिन में कंपनी के शेयर में 1.57% और 1 महीने में 18.67% की तेजी देखने को मिली है। वहीं, पिछले 1 साल में अल्ट्राटेक सीमेंट ने 39.92% का रिटर्न दिया है।

# NSE ने SME IPO लिस्टिंग लिमिट तय की

एजेंसी । मुंबई

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) ने SME प्लेटफॉर्म पर इनिशियल पब्लिक ऑफर यानी IPO की लीस्टिंग प्राइस लिमिट तय कर दी है। NSE इमर्ज प्लेटफॉर्म पर SME IPO की लिस्टिंग इश्यू प्राइस से 90% ज्यादा नहीं हो सकेगी। NSE ने कहा कि यह प्राइस कंट्रोल कैप केवल SME सेगमेंट पर लागू होगा, मेनबोर्ड आईपीओ के लिए नहीं। एक्सचेंज का ये फैसला आज यानी 4 जुलाई 2024 से लागू हो गया है। मीडियम और छोटे साइज के बिजनेस SME कैटेगरी में IPO लाते हैं, जो स्मॉल कैप कंपनियों से भी छोटी होती हैं। इस कैटेगरी में वही कंपनियां अपने IPO लिस्ट करा सकती है, जिसका टर्नओवर 100 करोड़ रुपए से कम होता है। SME IPO के एक लॉट की कीमत कम से कम 1 लाख या उससे अधिक होती है। हाल ही में मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (SEBI) की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने SME IPO में हेरफेर की चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा था कि हमें ऐसे संकेत मिले हैं कि SME सेगमेंट के तहत इश्यू होने वाले IPO के प्राइस के साथ छेड़छाड़ हो रही है।

# डीवीसी ने जीयूवीएनएल के साथ किया समझौता

एजेंसी । कोलकाता

दामोदर वैली कॉरपोरेशन (डीवीसी) ने पश्चिम बंगाल में अपने आगामी रघुनाथपुर संयंत्र (दूसरा चरण) से 600 मेगावाट बिजली की आपूर्ति के लिए गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड (जीयूवीएनएल) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। डीवीसी सदस्य (वित्त) अरूप सरकार ने बताया कि केंद्र ने बिजली खरीद समझौते (पीपीए) को मंजूरी दे दी है। इसका उद्देश्य पश्चिमी राज्य में बढ़ती बिजली मांग को पूरा करना है। समझौते के अनुसार, डीवीसी रघुनाथपुर परियोजना के दूसरे चरण में अपनी आगामी 1320 मेगावाट बेहद आवश्यक इकाइयों से बिजली उपलब्ध कराएगी। परियोजना के 2027-28 तक व्यावसायिक रूप से चालू होने पर आपूर्ति शुरू हो जाएगी।



दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला आज

# टीम हरमन अब टी-20 में विजय पताका फहराने उतरेगी

## वनडे और टेस्ट में मेहमानों का भारतीय टीम ने किया था सफाया

एजेंसी । चेन्नई

वनडे और टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका सफाया करने के बाद भारतीय महिला क्रिकेट टीम अब टी-20 में विजय पताका फहराने उतरेगी। तीन मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला शुक्रवार से यहां खेला जाएगा। इस सीरीज के जरिए हरमनप्रीत कौर की टीम एशिया कप और टी-20 विश्व कप की अपनी तैयारियां भी पुख्ता करना चाहेगी। श्रीलंका में 19 जुलाई से होने वाले एशिया कप और बांग्लादेश में चार अक्तूबर से होने वाले टी-20 विश्व कप से पहले यह भारत की सफेद गेंद से आखिरी द्विपक्षीय सीरीज है।



### नंबर गेम

- 16 मैच दोनों ने खेले हैं जिसमें से नौ भारत और पांच दक्षिण अफ्रीका ने जीते हैं। दो बेनतीजा रहे हैं
- 7 विकेट दूर हैं रेणुका सिंह टी-20 में 50 विकेट पूरे करने से। वह 6.48 की इकोनॉमी से 43 विकेट चटका चुकी हैं

### मंधाना जमा रही रंग

भारत को वनडे और टेस्ट मैच में अपनी खिलाड़ियों की फॉर्म से राहत मिलेगी। उपकप्तान मंधाना खूब रंग जमा रहीं हैं। वनडे में तीन मैच में दो शतक और एक अर्धशतक और टेस्ट में भी शतक के साथ शानदार प्रदर्शन किया। हरमनप्रीत ने अंतिम वनडे में शतक जड़ा।



### शेफाली भी लय में

वनडे में खामोश रहा शेफाली वर्मा का बल्ला टेस्ट में बोला। उन्होंने सबसे तेज दोहरा शतक लगाकर इन चिंताओं को दूर कर दिया। जेमिमा और रिचा भी धीरे-धीरे लय हासिल कर रही हैं। टीम प्रबंधन को इन पांचों बल्लेबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

### गेंदबाज भी दिखा रहीं दम

कागजों पर भारत की गेंदबाजी भी काफी मजबूत दिखती है। तेज गेंदबाजों रेणुका सिंह, पूजा वस्त्रकार और अरुंधति रेड्डी ने अच्छा प्रदर्शन किया है। दीप्ति शर्मा, राधा यादव, आशा शोभना और श्रेयंका पाटिल की स्पिन चौकड़ी भी टीम की मजबूत ताकत है।

### लॉरा पर दारोमदार

दक्षिण अफ्रीका बल्लेबाजी में अच्छी शुरुआत के लिए कप्तान लॉरा वोलवार्ट पर बहुत अधिक निर्भर होगा। लॉरा ने वनडे और एकमात्र टेस्ट में शतक लगाकर अपनी शानदार फॉर्म की झलक दिखाई। अगर दक्षिण अफ्रीका को पिछले साल जनवरी के बाद टी-20 सीरीज जीतनी है तो सलामी बल्लेबाज लॉरा का प्रदर्शन महत्वपूर्ण होगा। उनके अलावा मारिजेन कैप, सुने लुस, एनेके बॉश और तेजमिन ब्रिट्स के बल्ले से भी अच्छे रनों की उम्मीद होगी।



## पेरिस ओलंपिक में भारत की 28 सदस्यीय एथलेटिक्स टीम की अगुवाई करेंगे नीरज

एजेंसी । नई दिल्ली



मौजूदा चैंपियन नीरज चोपड़ा 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक में भारत की 28 सदस्यीय एथलेटिक्स टीम की अगुवाई करेंगे। तोक्यो ओलंपिक में भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीतने वाले और मौजूदा विश्व चैंपियन चोपड़ा ने पेरिस ओलंपिक की तैयारी के सिलसिले में डायमंड लीग के अंतिम चरण में भाग नहीं लेने का फैसला किया है। भारतीय एथलेटिक्स टीम में 17 पुरुष और 11 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। चोपड़ा के अलावा इनमें एशियाई खेलों के चैंपियन अविनाश साबले, तेजिंदरपाल सिंह तूर और बाधा दौड़ के धावक ज्योति याराजी जैसे अन्य प्रमुख खिलाड़ी भी शामिल हैं। पुरुषों की चार गुणा 400 मीटर रिले टीम में मुहम्मद अनस, मुहम्मद अजमल, अमोज जैकब और राजेश रमेश शामिल हैं। इस टीम ने हाल में विश्व चैंपियनशिप में अमेरिका की टीम को पीछे छोड़कर सनसनी मचा दी थी।

## त्वेसा संयुक्त 24वें और दीक्षा संयुक्त 46वें नंबर पर

**लंदन।** भारतीय महिला गोल्फर त्वेसा मलिक संधू यहां अरामको टीम सीरीज लंदन के पहले दौर में इवन पार 73 के कार्ड से संयुक्त 24वें स्थान पर रहीं। उनकी साथी भारतीय दीक्षा डागर दो ओवर 75 के कार्ड से संयुक्त 46वें स्थान पर बनी हुई हैं जबकि प्रणवी उर्स ने सात ओवर 80 का निराशाजनक कार्ड खेला जिससे उनके कट में प्रवेश की संभावना नहीं है।

## गुकेश और प्रज्ञाननंदा ने ड्रॉ खेले



एजेंसी । बुकारेस्ट

विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर में शीर्ष पर चल रहे अमेरिका के फाबियानो करुआना को बराबरी पर रोका। एक बार फिर दिन की सभी बाजियां ड्रॉ रहीं। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने रूस के इयान नेपोमनियाची के साथ अंक बांटे। अंतिम स्थान पर चल रहे रोमानिया के डिएक बोगडेन-डेनियल ने फिरोजा के साथ और गिरी ने वाचियेर-लाग्रेव के साथ बाजी ड्रॉ की।

## राजावत, तान्या और अनुपमा ने पार की पहली बाधा

एजेंसी । कैलगेरी



उभरते हुए भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी प्रियांशु राजावत, तान्या हेमंत और अनुपमा उपाध्याय ने कनाडा ओपन में पहले दौर की बाधा पार कर ली। दुनिया के 39वें नंबर के खिलाड़ी राजावत ने बुधवार देर रात को आठवें वरीय डेनमार्क के रासमुस गेम्के को एक घंटे दस मिनट में 17-21, 21-16, 21-14 से पराजित किया। अगले दौर में उनका सामना जापान के ताकुमा ओबायाशी से होगा।

### आयुष शेट्टी और एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रमण्यम को हार का सामना करना पड़ा

महिला वर्ग में तान्या ने कनाडा की जैकी डेंट को 21-13, 20-22, 21-14 से और अनुपमा ने आयरलैंड की रैशेल डेरेग को 21-11, 21-11 से बाहर का रास्ता दिखाया। तान्या अगले दौर में थाईलैंड की तीसरी वरीय बुसानन ओंगबैमरुंगफान की चुनौती से पार पाना होगा तो अनुपमा को कनाडा की मिशेल ली से टकराना है। आयुष शेट्टी और एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रमण्यम को हार का सामना करना पड़ा। शेट्टी को जापान के छठे वरीय कोकी वातानाबे के हाथों 14-21, 11-21 से और शंकर को फ्रांस के एलेक्स लेनियर से 16-21, 17-21 से हार मिली।

## भारतीय मूल की नौ साल की बोधना इंग्लैंड की सबसे युवा खिलाड़ी

एजेंसी । लंदन

भारतीय मूल की नौ वर्षीय स्कूली छात्रा बोधना शिवनंदन इंग्लैंड के खेल इतिहास की सबसे युवा खिलाड़ी बन गई हैं। शह और मात के खेल में बड़े-बड़े धुरंधरों को मात देने वाली बोधना को शतरंज ओलंपियाड में भाग लेने वाली इंग्लैंड की पांच सदस्यीय महिला टीम में शामिल किया गया है।



ओलंपियाड 11 से 22 सितंबर तक हंगरी के बुडापेस्ट में होगा।

### तीन सदस्य 30 से ऊपर

टीम में भाग लेने वाली अन्य चार सदस्यों में से तीन 30 से 40 की हैं। जबकि एक 23 साल की है। उत्तर-पश्चिम लंदन के हैरो की रहने वाली बोधना किसी भी खेल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व करने वाली सबसे युवा खिलाड़ी होंगी। बोधना ने कहा, स्कूल से वापस आने के बाद जब पिताजी ने मुझे इस बारे में बताया। मैं बहुत खुश थी। मुझे उम्मीद है कि मैं अच्छा प्रदर्शन करूंगी और मुझे एक और खिताब मिलेगा। बोधना ने पहली बार महामारी के दौरान लॉकडाउन में शतरंज खेलना सीखा जब उनके पिता शिवा का दोस्त भारत वापस जा रहा था। उसने उन्हें कुछ बैग दिए जिनमें शतरंज का बोर्ड भी था। बोधना ने कहा, मुझे मोहरों में दिलचस्पी थी इसलिए मैंने खेलना शुरू कर दिया। पिछले दिसंबर में बोधना ने क्रोएशिया के जाग्रेब में यूरोपीय ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप जीती थी और उस समय उन्हें 'सुपर टैलेंटेड' करार दिया गया था।

## आडवाणी ने पिछड़ने के बाद पारिख को हराया

एजेंसी । रियाद

भारत के शीर्ष क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने गुरुवार को पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सिद्धार्थ पारिख को 4-2 से हराया। इस जीत के साथ आडवाणी ने एशियाई बिलियर्ड्स चैंपियनशिप में खिताबी हैट्रिक की ओर कदम बढ़ा दिए। पारिख ने शानदार शुरुआत करते हुए पहला फ्रेम 101-38 से जीता।



दूसरे फ्रेम में कड़े मुकाबले में पारिख ने 100-99 से आडवाणी को हराकर 2-0 की बढ़त बनाई।

### तीसरा फ्रेम 101-0 से और चौथा 101-95 से जीत कर स्कोर किया बराबर

आडवाणी ने दो फ्रेम से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए तीसरा फ्रेम 101-0 से और चौथा 101-95 से जीत कर स्कोर बराबर किया। पांचवें फ्रेम में भी आडवाणी हावी रहे और 87 के ब्रेक के साथ 104-2 की जीत से 3-2 की बढ़त बनाने में सफल रहे। छठे फ्रेम में पारिख ने 95 का शानदार ब्रेक बनाया लेकिन इसके बावजूद 95-102 के स्कोर से फ्रेम और मैच गंवा दिया। आडवाणी ने कहा, लय बनाए रखना अच्छा है। सिद्धार्थ मजबूत प्रतिद्वंद्वी है। खेल की अप्रत्याशित प्रकृति को देखते हुए यह एक रोमांचक मैच था।



## संगीत समारोह के लिए जस्टिन बीबर ने ली मोटी फीस

देश के सबसे बड़े बिजनेसमैन मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी 12 जुलाई को अपनी मंगेतर राधिका मर्चेंट संग शादी के बंधन में बंधन वाले हैं। दोनों की शादी के समारोह शुरू हो गए हैं। 'मामेरू' रस्म के बाद अब अनंत और राधिका के संगीत समारोह की तैयारियां शुरू हो गई हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अनंत और राधिका के संगीत समारोह में अंतरराष्ट्रीय गायक जस्टिन बीबर प्रस्तुति देने वाले हैं।

### पॉप सिंगर के साथ सजेगी शाम

5 जुलाई को होने वाले संगीत समारोह में जस्टिन के अलावा लाना डेल रे, एडेल और ड्रेक भी धमाल मचाने वाले हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिन को इसके लिए 83 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाएगा। इससे पहले 2018 में ईशा अंबानी की शादी में प्रदर्शन करने के लिए बेयॉन्से को भी 33 करोड़ रुपये की भारी-भरकम फीस दी थी, वहीं अनंत-राधिका के प्री-वेडिंग समारोह में रिहाना को 74 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया था।

### 7 साल बाद भारत लौटे जस्टिन

जस्टिन 7 साल बाद भारत लौटे हैं। इस बार वह अंबानी परिवार और उनके मेहमानों के लिए परफॉर्म करेंगे। गायक ने 2022 में भारत में एक कार्यक्रम की घोषणा की थी, लेकिन बाद में उनके स्वास्थ्य के खराब होने के कारण इसे रद्द कर दिया गया था। अनंत-राधिका का संगीत समारोह 5 जुलाई, शुक्रवार को मुंबई में उनके आलीशान घर एंटीलिया में होगा। इसके बाद यह जोड़ी बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में वैवाहिक बंधन में बंधेंगे।

## मुकेश खन्ना ने 'कल्कि 2898 AD' पर निकाली भड़ास



फिल्म 'कल्कि 2898 AD' रिलीज होने के बाद से लगातार सुर्खियां बटोर रही है। न सिर्फ भारतीय बॉक्स ऑफिस, बल्कि विदेशों में भी फिल्म तहलका मचा रही है। यह बॉक्स ऑफिस पर अब तक कई रिकॉर्ड तोड़ चुकी है, वहीं दर्शक भी फिल्म और इसमें काम कर रहे कलाकारों की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। इसी बीच 'महाभारत' में भीष्म की भूमिका निभाने वाले अभिनेता मुकेश खन्ना ने इसे काफी हद तक गलत बताया है।

### फिल्म के एक सीन पर उठाया सवाल

मुकेश ने यूट्यूब पर एक वीडियो अपलोड किया, जिसमें वह फिल्म के बारे में बात कर रहे हैं। अभिनेता एक सीन पर कहते हैं, फिल्म में जब कृष्ण अपनी 'मणि' निकालकर अश्वत्थामा को श्राप देते हैं। महाभारत के दौरान तो ऐसा कभी नहीं हुआ। मैं निर्माताओं से पूछना चाहता हूं कि आप व्यास मुनि से अधिक जानने की कल्पना कैसे कर सकते हैं? किसने कहा कि जो यहां मौजूद नहीं है, वो कहीं और मौजूद नहीं हो सकता है?




## सुजॉय घोष ने जमकर की अमिताभ बच्चन की तारीफ

प्रभास, अमिताभ बच्चन और दीपिका पादुकोण जैसे दिग्गज सितारों से सजी 'कल्कि 2898 AD' इस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है। आम लोगों से लेकर फिल्मी सितारों तक इस फिल्म की खूब तारीफ कर रहे हैं। अब तक बॉलीवुड की कई हस्तियों ने इस फिल्म की सरहाना की और अब इस सूची में निर्देशक सुजॉय घोष का नाम भी शामिल हो गया है। सुजॉय ने फिल्म 'कल्कि 2898 AD' की समीक्षा की है।

### सुजॉय ने फिल्म देख लिखीं ये बातें

सुजॉय ने हाल ही में 'कल्कि 2898 AD' देखी और वह अमिताभ की अदाकारी के मुरीद हो गए। उन्होंने लिखा, 'मैंने नाग अश्विन की 'कल्कि' देखी... मैं उस व्यक्ति और उसके दृष्टिकोण को नमन करता हूं। क्या फिल्म थी... फिल्म के कलाकारों और क्रू ने बहुत अच्छा काम किया। खासतौर पर अमिताभ सर ने... निर्विवाद गुरु। आपका प्रशंसक होने पर मुझे बहुत गर्व है।' 'कल्कि 2898 AD' ने अब तक 393.4 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है।







## विक्की कौशल को पसंद आई 'किल'

पिछले काफी समय से फिल्म 'किल' जबरदस्त चर्चा में है। करण जौहर इस फिल्म के निर्माता हैं और छोटे पर्दे के जाने-माने अभिनेता लक्ष्य लालवानी इसके जरिए बॉलीवुड में कदम रखने जा रहे हैं। यह फिल्म कल यानी 5 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। बीती रात निर्माताओं ने मुंबई में 'किल' की खास स्क्रीनिंग का आयोजन किया था, जिसमें विक्की कौशल ने भी शिरकत की थी। अब विक्की ने 'किल' की समीक्षा की है।

### विक्की ने साझा किया नोट

विक्की ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर 'किल' का पोस्टर साझा किया है। इसके साथ उन्होंने लिखा, 'क्या फिल्म है यार। मैं इस फिल्म को बनाने में हर किसी के योगदान को अपनी ओर से सलाम देता हूं। लोग नहीं जानते कि उनके सामने क्या आने वाला है।'

इस फिल्म के जरिए डांसिंग स्टार राघव जुयाल भी अभिनय जगत में अपनी किस्मत आजमाने वाले हैं। आशीष विद्यार्थी, हर्षा छाया और तान्या मनिकताला जैसे कलाकार भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।

न्यूज़ ब्रीफ

### अपनी गठबंधन सरकार के खिलाफ भाजपा विधायक

**पुदुचेरी।** पुदुचेरी में भाजपा के विधायकों ने भ्रष्टाचार सहित अन्य मुद्दों को लेकर एआईएनआरसी-भाजपा गठबंधन सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। विधायकों ने दिल्ली हाईकमान से स्थिति बिगड़ने से पहले उचित कदम उठाने का आग्रह किया है। ऐसे हालात को देखते हुए इस केंद्र शासित प्रदेश में राजनीतिक संकट पैदा होने की आशंका जताई गई है। भाजपा विधायकों ने मंत्रिमंडल में फेरबदल का भी अनुरोध किया है। हाल के लोकसभा चुनाव में पार्टी उम्मीदवार की हार के बाद भाजपा के प्रमुख को बदलने की मांग भी जोरों पर है।

### कैलिफोर्निया के जंगल में लगी आग फैली

**ऑरोविल।** उत्तरी कैलिफोर्निया में भीषण गर्मी के बीच जंगल में लगी आग ने गुरुवार को आस पास के क्षेत्रों को भी अपनी चपेट में ले लिए जिसके चलते कम से कम 26,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। दमकल कर्मी आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं वहीं आग बुझाने के लिए हेलीकॉप्टर से भी पानी डाला जा रहा है। सैक्रामेंटो से लगभग 70 मील (110 किलोमीटर) दूर बट काउंटी के ऑरोविल शहर के पास मंगलवार को वन क्षेत्र में सबसे पहले आग लगी थी। ऑरोविल के मेयर डेविड पिटमैन ने बताया कि बुधवार दोपहर तक इस पर कुछ हद तक काबू पा लिया गया, इस बीच ऑरोविल से लगभग आठ किलोमीटर दूर दक्षिण में ग्रब्स नामक स्थान पर आग लग गई, जिसके कारण पलेर्मो शहर के लोगों को अपने घरों को खाली करना पड़ा। आग पर अभी तक काबू नहीं पाया जा सका है। राज्य में 12 से अधिक स्थानों पर आग लगी हुई है, हालांकि इनमें से अधिकांश स्थानों पर आग ने विकार रूप धारण नहीं किया है। केंद्र में खाली रहा आईपीएस कोटा

### CBI-IB- NIA सहित कई एजेंसियों में 235 पद रिक्त

**नई दिल्ली।** सरकार की चेतावनी के बावजूद केंद्र में आईपीएस प्रतिनियुक्ति का तय कोटा नहीं भर पा रहा है। इसके पीछे दो बड़ी वजह बताई जा रही हैं। पहला, विभिन्न राज्य और केंद्र शासित प्रदेश, आईपीएस अधिकारियों को केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर भेजने को लेकर ज्यादा उत्साहित नहीं हैं। उनकी तरफ से आईपीएस अधिकारियों को केंद्र में भेजने के लिए पर्याप्त सिफारिशें नहीं की जाती हैं। दूसरा, बहुत से ऐसे अधिकारी भी हैं, जिनका नाम प्रतिनियुक्ति सूची में शामिल होता है, मगर वे ज्वाइन नहीं करते। नतीजा, केंद्र में आईपीएस का कोटा खाली रह जाता है। जून की रिपोर्ट के मुताबिक, केंद्र में आईपीएस प्रतिनियुक्ति के 235 पद खाली पड़े हैं। इनमें से अधिकांश पद आईजी, डीआईजी और एसपी रैंक में हैं। नतीजा, सीबीआई, आईबी, एनआईए और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों में अनेक पद रिक्त हैं।

### छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में ईडी ने दो को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छत्तीसगढ़ के शराब घोटाले में अपनी धनशोधन जांच के सिलसिले में दो शराब कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। ईडी ने गुरुवार को बताया कि रायपुर केंद्रीय कारागार में पहले से बंद अरविंद सिंह और त्रिलोक सिंह ढिल्लों को एक जुलाई को गिरफ्तार किया गया। अदालत में पेश किए जाने के बाद उन्हें छह जुलाई तक ईडी की हिरासत में भेज दिया गया। दोनों को छत्तीसगढ़ पुलिस के आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ने कुछ दिन पहले गिरफ्तार किया था।

# असम में बिगड़े हालात, 16.50 लाख लोग प्रभावित

एजेंसी । गुवाहाटी

असम में बाढ़ से लगातार हालात बिगड़ते जा रहे हैं। राज्य की सभी प्रमुख नदियां गुरुवार को खतरे के निशान से ऊपर बह रहीं थीं। बाढ़ के कारण राज्य के 29 जिलों में 16.50 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। सरकार के अनुसार ब्रह्मपुत्र, दिगारू व कोलोंग नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। इसे लेकर कामरूप (मेट्रो) जिले में अलर्ट जारी किया गया है। इस साल बाढ़, भूस्खलन व तूफान में मरने वालों की संख्या बढ़कर 56 हो गई है। तीन लोग लापता भी बताए गए हैं। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने गुरुवार को बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया और अधिकारियों को सभी जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए।

**बाढ़ की मार**

- राज्य की ज्यादातर नदियां खतरे के निशान से ऊपर
- अब तक 56 लोगों की मौत, तीन लापता भी





### काजीरंगा में 17 पशु डूबे, 72 को बचाया गया

राज्य में बाढ़ के चलते काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में अब तक 17 पशुओं की डूबने से मौत हो चुकी है। उद्यान के एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि पानी से घिरे 72 जानवरों को बचाया गया है। उन्होंने कहा कि उद्यान में 11 हॉग हिरणों की डूबने मौत हुई है, जबकि पांच ने इलाज के दौरान दम तोड़ा। पूर्वी असम वन्यजीव प्रभाग में कुल 233 कैम्प में से 141 अब भी जलमग्न हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग-37 पर वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

### अरुणाचल में भूस्खलन, सात जिलों का संपर्क टूटा

अरुणाचल प्रदेश में बारिश के कारण हुए भूस्खलन से गुरुवार को सात जिलों का सड़क संपर्क टूट गया। भूस्खलन से प्रभावित जिलों में सियांग, पूर्वी सियांग, ऊपरी सियांग, पश्चिमी सियांग, शियोमी, लेपारादा और ऊपरी सुबनसिरी शामिल हैं।

### हिमाचल में भारी बारिश, 115 सड़कें बंद

हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में बीते 24 घंटों में भारी बारिश हुई। इसके चलते मंडी में 107, चंबा में चार, सोलन में तीन और कांगड़ा जिले में एक सहित कुल 115 सड़कें यातायात के लिए बंद कर दी गई हैं। राज्य में 212 ट्रांसफार्मर काम नहीं कर रहे हैं। इसके चलते बिजली संकट गहरा गया है। कई स्थानों पर सड़क धंसने के ही भूस्खलन की भी सूचना है। भारी बारिश के कई स्थानों नई परियोजनाओं को भी नुकसान पहुंचा है। मौसम विभाग ने गुरुवार से लेकर शुक्रवार तक राज्य के कई हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश व बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है।

### जयपुर में जोरदार बारिश, यातायात बाधित

राजस्थान में बारिश का दौर गुरुवार को भी जारी रहा। बीते 24 घंटों में जयपुर तहसील में सबसे अधिक 98 मिमी बारिश हुई। इससे वहां जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। राजधानी के कई इलाकों में जलभराव के कारण यातायात बाधित हुआ। इसके अलावा अलवर, धौलपुर व डूंगरपुर जिलों में भी भारी बारिश हुई है और अगले दो दिन भी ऐसे हालात बने रहेंगे। वहीं, जयपुर के हालात को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य सरकार को घेरा। सरकार के बारिश को लेकर कोई तैयारी नहीं की है।

# देश में 81 फीसदी लोगों का लिपिड प्रोफाइल मिला खराब

- कार्डियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया ने नई गाइडलाइन जारी की

एजेंसी । नई दिल्ली

देश में 81 फीसदी लोगों का लिपिड प्रोफाइल (डिस्लिपिडेमिया) खराब पाया गया है। करीब 1.13 लाख लोगों के लिपिड प्रोफाइल की जांच के बाद कार्डियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया (सीएसआई) ने डिस्लिपिडेमिया के प्रबंधन के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सीएसआई ने गुरुवार को लिपिड प्रोफाइल जांच की नई गाइडलाइन जारी करते हुए कहा कि चार साल तक देश में 1.13 लाख लोगों पर अध्ययन करने के बाद 42 हृदय रोग विशेषज्ञों ने इसे तैयार किया है। देश भर के सभी अस्पतालों, प्रयोगशालाओं और हृदय रोग विशेषज्ञों को इसे अपनाने को कहा गया है।



### जोखिम की चार नई उप श्रेणियां

देश में पहली बार तैयार किए गए दिशा-निर्देशों में 'टोटल कोलेस्ट्रॉल की अधिकतम सुरक्षित सीमा को 190 एमजी/डीएल निर्धारित किया गया है। मौजूदा समय में यह सीमा 200 एमजी/डीएल की है, जो मूलतः पश्चिमी देशों की है जिसे भारत में अपनाया जाता है। इसी प्रकार कम, मध्यम, उच्च और अत्यधिक उच्च जोखिम वाली चार नई उप श्रेणियों के लिए अलग-अलग सीमाएं तय की गई हैं। पश्चिमी दिशा-निर्देशों में ऐसी श्रेणियां नहीं हैं।

### 81 फीसदी लोगों के कोलेस्ट्रॉल में गड़बड़ी

अध्ययन के सह लेखक एम्स के प्रोफेसर डा. एस. रामकृष्णन ने कहा कि लिपिड प्रोफाइल की समय पर जांच और उसे नियंत्रण में रखकर हार्ट अटैक के 50 फीसदी मामलों को रोका जा सकता है। उन्होंने चिंता जाहिर कि 81 फीसदी लोगों के लिपिड प्रोफाइल यानी विभिन्न प्रकार के कोलेस्ट्रॉल के स्तरों में गड़बड़ी पाई गई। महज 10 फीसदी लोग ही ऐसे थे जो नियमित रूप से कोलेस्ट्रॉल कम करने की दवाएं ले रहे थे। शेष लोग इस गड़बड़ी से अनजान थे। रामकृष्णन के अनुसार देश में हार्ट अटैक के 50 फीसदी मामले 50 साल से भी कम उम्र के लोगों में आ रहे हैं, जबकि 15-20 फीसदी मामले 40 साल से कम उम्र के लोगों को आ रहे हैं। 15 फीसदी मामले आनुवांशिक कारणों से हैं।

डिस्लिपिडेमिया एक साइलेंट किलर है इसलिए, इससे बचाव के साथ समय पर उपचार बेहद जरूरी है। हमने 18 साल की उम्र में लिपिड प्रोफाइल की जांच कराने की सिफारिश की है क्योंकि, देश में कम उम्र में हृदय रोग के मामले बढ़ रहे हैं। 40 साल के बाद लोगों को साल में एक बार जांच अवश्य करानी चाहिए।

**- डॉ. प्रताप चंद्र रथ, अध्यक्ष, सीएसआई**

# निजी स्कूलों के शैक्षणिक और वित्तीय स्थिति की होगी जांच

- 70 से अधिक स्कूल जांच के दायरे में हैं
- निरीक्षण के लिए हर जिले से पांच स्कूलों का चयन किया गया

एजेंसी । नई दिल्ली

दिल्ली के 70 से अधिक निजी स्कूलों का वित्तीय से लेकर शैक्षणिक स्थिति का ब्यौरा जुटाया जाएगा। इस संबंध में उप शिक्षा निदेशक के नेतृत्व में टीम स्कूलों में जाकर निरीक्षण करेगी। इसको लेकर निदेशालय की निजी स्कूल शाखा ने आदेश जारी किया है। निरीक्षण के लिए हर जिले से पांच स्कूलों का चयन किया गया है। निरीक्षण कार्य 31 जुलाई तक चलेगा।



### स्कूलों में जांच

आदेश के तहत विभिन्न बिंदुओं को लेकर स्कूलों में जांच की जाएगी। इसमें नियमों के खिलाफ स्कूल फीस वृद्धि तो नहीं कर रहे हैं। दाखिला के लिए डोनेशन तो नहीं ले रहे हैं। स्कूल नियमों के अनुसार आर्थिक पिछड़ा वर्ग की 25 फीसदी सीटों पर दाखिला दे रहे हैं या नहीं। साथ ही प्रबंधन सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुसार कर्मियों और शिक्षकों को वेतन भुगतान कर रहा है या नहीं। छात्रों की सुरक्षा को लेकर भी मूल्यांकन होगा। इसमें स्कूल के अग्निशमन अनापत्ति प्रमाणपत्र, स्वास्थ्य प्रमाणपत्र की जांच होगी। बच्चों के सुरक्षित आवागमन के लिए परिवहन व्यवस्था की सुरक्षा जांच होगी।

# खरगे ने महंगाई के मुद्दे पर सरकार को घेरा

- ढाई घंटे के भाषण में महंगाई पर ढाई शब्द तक नहीं बोलते प्रधानमंत्री

एजेंसी । नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने महंगाई के मुद्दे पर केंद्र सरकार को घेरा है। सरकार पर महंगाई रोकने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री राज्यसभा में ढाई घंटे तक भाषण देते हैं, पर महंगाई के मुद्दे पर प्रधानमंत्री ढाई शब्द भी नहीं बोलते हैं।



**एक्स पर पोस्ट में दूध, सब्जी और दालों की मई 2014 की कीमतों से की तुलना :** मल्लिकार्जुन खरगे ने 'एक्स पर कविता की पंक्तियों के अंदाज में लिखा कि जनता करती खून पसीने से मेहनत की कमाई, आप करते हैं झूठी राजनीतिक रोटियों की सिकाई। जनता की थाली से रोटी छीनना बंद कीजिए और महंगाई पर लगाम लगाइए। इसके साथ खरगे ने एक तस्वीर भी पोस्ट की है। इसमें दूध, सब्जी और दालों की मई 2014 की कीमतों से तुलना की गई है। इस तस्वीर में लिखा कि दस वर्षों से लगातार, महंगाई से बचत लूटती मोदी सरकार। इसमें बताया गया है कि दूध की कीमत 36 से 59 रुपये प्रति लीटर हो गई है। दूध के साथ आलू, प्याज, टमाटर, चीनी, चावल, आटा, अरहर एवं उड़द की दाल की कीमतों की तुलना की गई है।

# अब 10 जुलाई को होगी ममता बनर्जी के खिलाफ सुनवाई

**राज्यपाल बोस मानहानि मामला**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस द्वारा मुख्यमंत्री ममता बनर्जी (Mamata Banerjee) के खिलाफ दायर मानहानि मामले पर कलकत्ता हाई कोर्ट 10 जुलाई को सुनवाई करेगा। चूंकि मामला सुनवाई के लिए सूची में नहीं था, राज्यपाल के वकील ने गुरुवार को न्यायमूर्ति कृष्ण राव का ध्यान आकर्षित किया। इसके बाद जज ने मामले की सुनवाई के लिए अगली तारीख की घोषणा कर दी।

### राज्यपाल बोस ने मंगलवार को दायर किया था मुकदमा



राज्यपाल बोस ने मंगलवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय में मुख्यमंत्री के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था। इस मामले में राज्यपाल ने दो भावी तृणमूल विधायकों सायंतिका बनर्जी, रयात हुसैन सरकार और तृणमूल नेता कुणाल घोष का भी नाम सामने आया है। यह मामला बुधवार को जस्टिस राव की बेंच में आया। पिछले दिनों नबान्न में एक सरकारी बैठक से ममता बनर्जी ने राज्यपाल पर हमला बोला था। जिसके चलते राज्यपाल ने मानहानि का मुकदमा दायर किया।


# मोदी-पुतिन 8 जुलाई को शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे

**प्रधानमंत्री 8 से 10 जुलाई तक रूस और ऑस्ट्रिया की यात्रा पर रहेंगे**

एजेंसी । नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 8 जुलाई को मास्को में 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 8-10 जुलाई के बीच रूस और ऑस्ट्रिया की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों देशों के बीच बहुमुखी संबंधों की संपूर्ण समीक्षा की जाएगी और आपसी हित के समसामयिक क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी रूसी संघ के राष्ट्रपति पुतिन के निमंत्रण पर मास्को जा रहे हैं।

### ऑस्ट्रिया के राष्ट्रपति से करेंगे मुलाकात



इसके बाद, प्रधानमंत्री मोदी 9-10 जुलाई के दौरान ऑस्ट्रिया जाएंगे। यह 41 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की ऑस्ट्रिया की पहली यात्रा होगी। वह ऑस्ट्रिया गणराज्य के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वान डेर बेलेने से मुलाकात करेंगे। वह ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर के साथ भी बैठक करेंगे। प्रधानमंत्री मॉस्को के साथ वियना में भी भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ बातचीत करेंगे। साथ ही इन देशों के व्यापार क्षेत्र के चुनिंदा लोगों को भी संबोधित करेंगे।

# सोरेन बने झारखंड के 13वें CM

**जिस राजभवन से गिरफ्तार हुए, 156 दिन बाद वहीं शपथ ली**

एजेंसी । रांची

झारखंड में एक बार फिर नेतृत्व परिवर्तन हुआ है। हाल ही में जेल से रिहा हुए हेमंत सोरेन ने गुरुवार को तीसरी बार राज्य के सीएम पद की शपथ ली है। इससे पहले बुधवार को चंपई सोरेन ने झारखंड के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया था। इसके बाद चंपई सोरेन ने ही विधायक दल के नेता और राज्य के अगले मुख्यमंत्री के रूप में हेमंत सोरेन के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसे सर्वसम्मति से पास कर दिया गया। इसके बाद हेमंत सोरेन ने सरकार बनाने का दावा पेश किया। हेमंत सोरेन ने करीब पांच महीने बाद झारखंड की सत्ता संभाल ली है। सोरेन को 31 जनवरी को जमीन घोटाले से जुड़े धन शोधन के मामले में गिरफ्तार किया गया था जिसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया था।



### कौन हैं हेमंत सोरेन ?

झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता हेमंत सोरेन तीसरी बार झारखंड के मुख्यमंत्री बने हैं। वे राज्य के तीन बार के सीएम शिबू सोरेन के बेटे हैं। हेमंत सोरेन के प्रारंभिक जीवन को देखें तो उनका जन्म 10 अगस्त 1975 को शिबू सोरेन और रूपी सोरेन के घर हुआ था। हेमंत ने 1990 में पटना के एमजी हाई स्कूल से मैट्रिक की पढ़ाई की। इसके बाद 1994 में पटना हाई स्कूल से इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी की। उन्होंने रांची के बीआईटी (मेसरा) में मैकेनिकल इंजीनियरिंग में दाखिला लिया और लेकिन कुछ कारणों से पढ़ाई पूरा नहीं कर पाए। पढ़ाई के बाद हेमंत ने इंजीनियरिंग फर्मों के साथ काम किया। हेमंत की शादी कल्पना सोरेन से हुई है और उनके दो बेटे हैं।

### बांग्लादेश के नए सेना अध्यक्ष से मिले नौसेना प्रमुख

**नई दिल्ली।** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने बांग्लादेश के नवनियुक्त सेना प्रमुख जनरल वाकर-उज-जमान से मुलाकात की। उन्होंने दोनों सशस्त्र बलों के बीच सहयोग के नए रास्ते तलाशने और मजबूत द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की। एडमिरल त्रिपाठी ने द्विपक्षी रक्षा संबंधों को मजबूत करने और समुद्री सहयोग को गहरा करने के लिए 30 जून को बांग्लादेश की पांच दिवसीय यात्रा शुरू की। दो महीने पहले नौसेना की बागडोर संभालने के बाद एडमिरल त्रिपाठी की यह पहली आधिकारिक विदेश यात्रा है। भारतीय नौसेना के प्रवक्ता ने गुरुवार को एक पोस्ट में कहा, ₹बांग्लादेश की अपनी यात्रा के दौरान एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने ढाका में बांग्लादेश के सेना मुख्यालय में जनरल वाकर-उज-जमान के साथ बातचीत की।₹ पोस्ट में कहा गया कि उन्होंने दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे मजबूत संबंधों और रक्षा सहयोग को बढ़ाने के लिए सशस्त्र बलों के बीच प्रशिक्षण और संयुक्त अभ्यास सत्र के क्षेत्रों में आगे के रास्ते तलाशने पर चर्चा की। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि लेफ्टिनेंट नरल वाकर-उज-जमान को पिछले महीने तीन साल के कार्यकाल के लिए बांग्लादेश का अगला सेना प्रमुख नियक्त किया गया है और उन्होंने 23 जून को पदभार ग्रहण किया।

# सीएम सिद्धारमैया ने भाजपा की सीबीआई जांच की मांग की खारिज

एजेंसी । मैसूर

कर्नाटक मुख्यमंत्री ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मूडा) भूमि खोने वालों को भूखंड आवंटित करने में कथित अनियमितताओं की सीबीआई जांच की भाजपा की मांग को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि इसमें किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी नहीं है। उन्होंने विपक्षी पार्टी के आरोपों को राजनीतिक साजिश बताया।



### भूमि आवंटन में अनियमितताओं का आरोप

कर्नाटक के मैसूर में मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण के भूमि खोने वालों के भूमि आवंटन में अनियमितताओं का आरोप भाजपा द्वारा लगाया जा रहा है। भाजपा ने आरोप लगाया है किमैसूर के एक महंगे इलाके में पार्वती को वैकल्पिक भूखंड भी आवंटित किए गए थे, जिनकी संपत्ति का मूल्य उनकी उस जमीन की तुलना में अधिक था, जिसे मूडा ने अधिग्रहित किया था। भाजपा इस पर इस्तीफे की मांग भी कर रही है। उनका कहना है कि मूडा ने पार्वती को उनकी तीन एकड़ से अधिक जमीन के बदले 50 :50 अनुपात योजना के तहत भूखंड आवंटित किए थे, जहां मूडा ने एक आवासीय लेआउट विकसित किया था। विवादास्पद योजना में लेआउट बनाने के लिए अधिग्रहित अविकसित भूमि के बदले भूमि खोने वाले को 50 प्रतिशत विकसित भूमि आवंटित करने की परिकल्पना की गई है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि मूडा द्वारा भूमि खोने वालों को भूखंडों के वितरण में 4,000 करोड़ रुपये की अनियमितताएं हुई हैं। एक भाजपा नेता ने दावा किया, 'स्पष्ट रूप से 4,500-5,000 भूखंडों का आवंटन नियमों का उल्लंघन करके किया गया।'